सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष


www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-255, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 26 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## कॉमेडियन कुणाल कामरा को झटका

### तीसरी एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। महाराष्ट्र के नासिक स्थित मनमाड पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। इसके अलावा कुणाल को मुंबई पुलिस से झटका लगा है। मुंबई पुलिस ने कामरा की अपील को ठुकरा दिया है। खार पुलिस ने कुणाल कामरा को समन दिया था, जिस पर कुणाल कामरा ने एक हफ्ते का समय मांगा है। कुणाल कामरा के वकील ने खार पुलिस स्टेशन पहुंचकर कुणाल के जवाब और एक हफ्ते के समय मांगने की अपील की हार्ड कॉपी खार पुलिस को सौंपी। हालांकि खार पुलिस ने कुणाल कामरा की एक हफ्ते समय की मांग को ठुकरा दिया।



# रेप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशील

## सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने कहा था कि नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप या अटेम्प्ट टु रेप नहीं है।

जस्टिस बीआर गवई और एजी मसीह की बेंच ने आज इस केस पर सुनवाई की। बेंच ने कहा, 'हाईकोर्ट के ऑर्डर में की गई कुछ टिप्पणियां पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाती हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



एक दिन पहले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर खुद सुनवाई करने का फैसला किया था। इस फैसले पर कानूनी विशेषज्ञों, राजनेताओं और अलग-अलग क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स के विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। हालांकि, पहले इसी केस पर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। इस याचिका में जजमेंट के विवादित हिस्से को हटाने की मांग की गई थी।

> यह बहुत गंभीर मामला है और जिस जज ने यह फैसला दिया, उसकी तरफ से बहुत असंवेदनशीलता दिखाई गई। हमें यह कहते हुए बहुत दुख है कि फैसला लिखने वाले में संवेदनशीलता की पूरी तरह कमी थी।
>
> **जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच**

### ये कहा था इलाहाबाद हाईकोर्ट ने

किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टु रेप' का मामला नहीं बनता।

## साउथ कोरिया के जंगलों में आग

### 18 की मौत, आग बुझाने गया हेलीकॉप्टर भी हुआ क्रैश

**सियोल।** साउथ कोरिया के दक्षिणी क्षेत्रों में शुष्क मौसम और तेज हवाओं के बीच जंगलों में आग लगने से कम से कम 18 लोगों की मौत होने की खबर आ रही है। सरकारी अधिकारियों ने आज बताया कि इन घटनाओं में कम से कम 19 लोग घायल भी हो गए। एंडोंग और अन्य दक्षिणी शहरों व कस्बों के अधिकारियों ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया। दूसरी ओर दमकलकर्मी शुष्क हवाओं के कारण लगी आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। आग को बुझाने की कोशिशों के दौरान एक हेलीकॉप्टर भी क्रैश हो गया।



# यूपी में मुसलमान सबसे अधिक सुरक्षितः योगी

## संभल, बुलडोजर, महाकुंभ पर भी दिया जवाब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। साल 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से सांप्रदायिक दंगे बंद हो गए हैं। खास बातचीत में यूपी के सीएम योगी से सवाल किया गया था कि क्या आपके राज्य में मुसलमान सुरक्षित हैं? इस पर उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में मुसलमान सबसे अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने दोहराया कि सबसे अधिक सुरक्षित हैं। यूपी में अगर हिंदू सुरक्षित हैं तो मुसलमान भी सुरक्षित हैं।

यूपी में मुसलमानों की सुरक्षा पर उत्तर प्रदेश उट योगी आदित्यनाथ ने कहा, ₹...100 हिंदू परिवारों के बीच रहने वाला एक मुस्लिम परिवार सुरक्षित है। उसे अपने सभी धार्मिक कार्य करने की स्वतंत्रता है। लेकिन क्या 100 मुस्लिम परिवारों के बीच अगर 50 हिंदू परिवार भी रहते हैं, तो क्या वे सुरक्षित हो सकते हैं? नहीं रह सकते... बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान आपके सामने उदाहरण हैं...उत्तर प्रदेश में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। अगर हिंदू सुरक्षित हैं, तो वे भी सुरक्षित हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल में चल रहे



खुदाई कार्य पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ₹संभल में 54 तीर्थ स्थलों की पहचान हो गई है। जितने भी होंगे, सब ढूंढेंगे, सब निकालेंगे और दुनिया को बोलेंगे कि आकर देखें कि संभल में क्या हुआ था। संभल एक सच्चाई है...इस्लाम कहता है कि अगर आप हिंदू मंदिर या हिंदू घर को तोड़कर बनाई कोई भी इबादत ग्रह खुदा को स्वीकार नहीं है। वक्फ संशोधन विधेयक पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मस्जिदों पर कब्जा कर-के भाजपा क्या करेगी? वक्फ के नाम पर कितनी जमीन पर कब्जा करोगे? वे गुमराह कर रहे हैं। इन्होंने वक्फ के नाम पर एक भी कल्याणकारी काम नहीं किया है? इन्होंने अपने निजी लाभ के लिए वक्फ संपत्तियों को बेचा है...



# 10 आतंकियों की घुसपैठ के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय सीमा में आतंकियों की घुसपैठ की सूचना के बाद पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक 10 आतंकियों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की है। पठानकोट में दिल्ली-कटड़ा नेशनल हाईवे के पास मंगलवार को सात संदिग्धों को देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। ये आतंकी 3 समूहों में विभाजित हैं। इनका 5, 3 और 2 आतंकियों का समूह है। हीरानगर (कठुआ) से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय क्षेत्र में 10 आतंकवादी घुसपैठ कर चुके हैं, जिनमें से 5 को देखा गया।

25 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजे एक महिला जिसका नाम दर्शना देवी डिंगा अंब जिला कठुआ है, ने अपने घर के बाहर दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। संदिग्धों ने उससे पानी मांगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों की लोकेशन भी डिंगा अंब वाली शेयर की है।



**तलाशी अभियान चल रहा**

सुरक्षा बलों ने पठानकोट और आसपास के इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। सेना, घातक कमांडो और पुलिस बल संदिग्धों की तलाश में जुटे हैं। सुरक्षा एजेंसियां सुनसान जगहों और बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की गहनता से जांच कर रही हैं। इंटर-स्टेट चेक पॉइंट्स पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**खतरे की आशंका**

पिछले दिनों में जेएंडके में आतंकी मुठभेड़ स्थल पर चार इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिले हैं, जिससे बड़े हमले की आशंका जताई जा रही है। आईईडी को देख लग रहा है कि आतंकी पूरी तैयारी से किसी बड़े हमले की फिराक में आए हैं। खुफिया एजेंसियों ने सुरक्षा बलों को जानकारी साझा की है कि दो आतंकवादियों का अंतिम समूह अभी भी उस क्षेत्र में है, लेकिन अन्य दो समूह भाग निकले हैं। ये डोडा, भद्रवाह, किश्तवाड़ क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं, उनके पास स्थानीय गाइड हैं।

> सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और किसी भी खतरे से निपटने के लिए तैयार हैं। सुरक्षा एजेंसियां इन आतंकियों को मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। पठानकोट बार्डर सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सुनसान जगह, बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की गहनता से जांच कर रही है। इंटर स्टेट नाकों पर भी हाईटेक सुरक्षा लगाई गई है। सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही हैं।
>
> **-दलजिंदर सिंह ढिल्लों, एसएसपी पठानकोट**

# एक बाइक पर पांच सवार... हादसे में खत्म परिवार

### महिला, पति, पुत्र और ससुर की मौत






**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में हादसे ने एक झटके में पूरा परिवार खत्म कर दिया। मां की अंत्येष्टि में शामिल होकर ससुराल लौट रही महिला, उसके पति, पुत्र और ससुर की ऋषिकेश डिपो की बस से कुचलकर मौत हो गई। हादसे में मृतका की पांच वर्षीय पुत्री घायल हुई है। ये सभी एक ही बाइक पर सवार थे। वहीं तीन रिश्तेदार और बाइक सवार राहगीर भी घायल हुआ है।

संसारपुर निवासी नत्थू की पत्नी विद्यादेवी (65) का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह निधन हो गया था। भीरा थाना क्षेत्र के शाहपुर में ब्याही बेटी राधा (27) परिवार सहित उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने आई थी। लौटते वक्त एक ही बाइक पर राधा, उसके पति शिवकुमार (30), बेटा शिवांश (8), बेटी शिवि (5), ससुर रामौतार (60) सवार थे। शाम चार बजे गोला-खुटार राष्ट्रीय राजमार्ग पर टेड़वा पुल के निकट तेज गति से आ रही ऋषिकेश डिपो की रोडवेज बस ने उनकी बाइक को रौंद दिया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भिजवाया।

# चारधाम यात्रा: चालकों-परिचालकों को सुविधा देगी सरकार

**देहरादून।** चारधाम यात्रा पर आने वाले चालकों-परिचालकों को सरकार आराम करने की सुविधा देगी। इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। मकसद ये है कि चारधाम यात्रा में आने वाले वाहनों की सड़क दुर्घटनाएं बंद हों। परिवहन विभाग चारधाम यात्रा मार्गों पर वाहन लेकर आने वाले चालक, परिचालकों के लिए विश्राम स्थल बना रहा है। पहले चरण में बदरीनाथ मार्ग पर और उत्तराखंड परिवहन निगम के ऋषिकेश व श्रीनगर बस अड्डों पर निर्माण किया जाएगा। केदारनाथ आने वाले चालकों की स्थायी सुविधा के लिए रुद्रप्रयाग और गंगोत्री व यमुनोत्री आने वाले चालक-परिचालकों के लिए उत्तरकाशी में भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। परिवहन विभाग फिलहाल अस्थायी तौर पर यह सुविधा देगा और निर्माण पूरा होने के बाद स्थायी तौर पर चालक, परिचालकों को सुविधा मिलेगी।



चारधाम यात्रा की निगरानी के लिए आईजी रेंज कार्यालय में एक विशेष सेल बनाई गई है। इसके प्रभारी डीआईजी रैंक के अधिकारी रहेंगे, जो कि हर वक्त यात्रा मार्ग की विभिन्न संसाधनों से निगरानी करेंगे। इसके अलावा यात्रा के प्रमुख पड़ावों पर एएसपी स्तर के अधिकारी को तैनात किया जाएगा। ताकि, किसी भी समस्या के तत्काल निराकरण के लिए कदम उठाए जा सकें। आईजी गढ़वाल रेंज राजीव स्वरूप ने बताया कि यात्रा मार्गों और प्रमुख ठहराव स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके तहत, हर प्रमुख ठहराव स्थल पर एक एएसपी रैंक के अधिकारी की तैनाती की जाएगी। साथ ही यात्रा की निगरानी और समन्वय के लिए रेंज कार्यालय में विशेष सेल का गठन किया गया है।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, मां-बेटी समेत चार की मौत

**शिमला।** शोघी-आंनदपुर-मैहली बाईपास पर मंगलवार रात सड़क हादसे में मां-बेटी समेत चार लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। हादसा उस समय हुआ जब कार सवार शोघी की तरफ से मैहली आ रहे थे। इसी दौरान शील गांव के पास पुल के समीप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 100 फीट की गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान रूपा सूर्यवंशी (45) पत्नी भगवान दास, प्रगति (15) पुत्री भगवान दास, मुकुल (10) पुत्र हेतराम निवासी जानकी निवास नवबहार और जय सिंह नेगी (40) पुत्र पद्मदेव नेगी निवासी अंबिका कॉटेज ओमकार लॉज संजौली के रूप में हुई है।



# अलास्का की बर्फीली झील में विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**अलास्का।** लेक में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पायलट और 2 बच्चों की जान बच गई जो विमान के पंखों पर करीब12 घंटे तक रहे। बता दें कि जहाज बर्फीली अलास्का झील में आंशिक रूप से डूब गई थी। इसके बाद एक शख्स द्वारा उन्हें देखे जाने के बाद इसकी सूचना अलग-अलग विभागों को दी गई, जिसके बाद पायलट और दोनों बच्चों की जान बचा ली गई। टेरी गोडेस ने कहा कि रविवार की रात उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट देखी, जिसमें लोगों से लापता विमान को खोजने में मदद करने का आह्वान किया गया था। सोमवार की सुबह, वह ग्लेशियर के पास तुस्तुमेना झील की ओर आगे बढ़ रहे थे। इसके बाद उन्होंने देखा कि वहां चारों तरफ मलबा बिखरा पड़ा है।



उन्होंने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यह देखकर मेरा दिल टूट गया, लेकिन जैसे-तैसे मैं करीब गया, मैंने देखा कि जहाज के पंखे के ऊपर तीन लोग हैं। थोड़ी प्रार्थना के बाद जब मैं पास गया तो मैंने एक चमत्कार देखा। दरअसल पंखे पर बैठे लोग जीवित थे और वह इधर-उधर घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि जब वह उनके पास पहुंचे तो पंखे पर बैठे लोगों ने उनका हाथ हिलाकर अभिवादन किया। लापता पाइपर पीए 12 सुपर क्रूजर, जिसे एक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा था और जिसमें उसके परिवार के दो बच्चे सदस्य सवार थे।

विमान की सूचना मिलने के बाद अलास्का नेशनल गार्ड द्वारा सोमवार को टुस्टुमेना झील के पूर्वी किनारे से पायलट और दो बच्चों को बचा लिया गया है। गोडेस ने लापता विमान की सूचना अन्य पायलटों को दी।

सूचना मिलते ही एक अन्य पायलट डेल ईशर ने गोडेस सैनिकों को अलर्ट किया क्योंकि वह स्किलाक झील के करीब था और उसने पाया कि उसके पास बेहतर सेल रिसेप्शन था और वह अधिकारियों को विमान के निदेशांक भी प्रदान करने में सक्षम था। आयशर ने कहा कि मुझे यकीन नहीं था कि हम उन्हें ढूंढ पाएंगे, खासकर इसलिए क्योंकि पहाड़ों के काफी हिस्सों पर बादलों की परत थी। बता दें कि सभी को रेस्क्यू करने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उन्हें मामूली चोटें आई हैं।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज



बुधवार, 26 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



## सीएम योगी पहुंचे आगरा, राजा की मंडी में संतों का समागम

एनएनआई

**आगरा।** राजा मंडी स्थित दरिया नाथ मंदिर पर संतों का समागम शाही बग्गी में सवार होकर पहुंच गए हैं। आज सीएम योगी भी 12 बजे पहुंच गए हैं। देश के कोने कोने से यहां संत पहुंच गए हैं। 12 के रमतो के महंत योगी श्री कृष्ण नाथ जी महाराज तपस्वी एवं 18 के रमतो के महंत योगी श्री समुद्र नाथ जी महाराज तपस्वी एवं जमात के द्वारा पूजा संपन्न कराई जाएगी। इस दौरान महंत पीर योगी श्री शेर नाथ बापू महाराज (जूनागढ़ गुजरात से गोरक्षनाथ आश्रय) देवनाथ जी महाराज गुजरात एवं योगी पीर श्री बालक नाथ जी महाराज (बाबा मस्तनाथ जी पीठाधीश्वर अस्थल बोहर, रोहतक हरियाणा, उपाध्यक्ष नाथ संप्रदाय विधायक राजस्थान) कार्यक्रम के लिए पधारे एवं मंदिर मंदिर के भक्तों के द्वारा इन्हें शाही बग्गी में बैठा कर पुष्प वर्षा करते हुए कार्यक्रम परिसर तक लाया गया। पूरे मंदिर परिसर को तरह-तरह के फूलों से भव्य सजाया गया है एवं मंदिर परिसर में कलाकारों के द्वारा हाथ से बनाई गई पेंटिंग मन मोह रही हैं एवं जमात ही नाथ संप्रदाय की संवैधानिक व्यवस्था की बॉडी होती है। शंखढाल कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। अभी तक लगभग 800 से 1000 साधु इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आगरा में आ चुके हैं जो की विभिन्न जगहों में अभी रुके हुए हैं एवं शाम को राजू बावरा के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## बैंक में घोटाला: ग्राहकों के जमा 40 लाख रुपये गायब

एनएनआई

**जसराना।** इंडियन बैंक में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। मंगलवार को कई ग्राहकों ने अपने खातों में जमा किए गए रुपये गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। शराब कारोबार से जुड़े पांच व्यापारियों ने बैंक अधिकारियों के सामने 40 लाख रुपये के गायब होने का मामला उठाया।

सबलपुर के सुखवीर सिंह ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके आठ लाख रुपये कैशियर ने जमा स्लिप देने के बावजूद खाते में नहीं डाले। कुंवरपाल सिंह, विमल शर्मा, प्रयागश्री, वीरेंद्र सिंह, श्रीकृष्ण और संतोष कुमार ने भी अपने पैसे गायब होने की शिकायत की है। केपी सिंह यादव के 8.25 लाख रुपये और विमल शर्मा के छह अलग-अलग जमा में 16.99 लाख रुपये खाते में नहीं पहुंचे। प्रयागश्री के 11.74 लाख रुपये भी गायब हैं। वीरेंद्र सिंह यादव के 2 लाख और श्रीकृष्ण सिंह के 55 हजार रुपये भी खाते में नहीं आए। संतोष यादव का दो लाख का चेक भी बैंक कर्मी ने लिया, रसीद दी, लेकिन पैसे खाते में नहीं डाले। मंगलवार को बैंक में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। विशेषकर महिला ग्राहकों की संख्या ज्यादा थी। सभी पीड़ितों ने अपनी पासबुक में एंट्री कराई और स्टेटमेंट निकलवाकर बैंक में शिकायत दर्ज कराई है।



## तीन करोड़ माल के साथ पकड़ा गया तस्कर

### 1.62 किलो हेरोइन, 469 ग्राम स्मैक बरामद



एनएनआई

**मथुरा।** कोतवाली की रिपोर्टिंग चौकी कृष्णानगर पुलिस और एएनटीएफ आगरा की टीम ने मथुरा में हेरोइन और स्मैक की सप्लाई देकर दिल्ली जाते तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 1.62 किलो हेरोइन और 469 ग्राम स्मैक बरामद की है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि आगरा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम को सूचना मिली कि मथुरा से बड़ी मात्रा में हेरोइन और स्मैक लेकर तस्कर जाने वाला है। टीम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुंडीर से संपर्क किया। कोतवाल और रिपोर्टिंग कृष्णानगर चौकी प्रभारी विक्रांत सिंह ने टीम के साथ मिलकर तस्कर की सुरागकशी शुरू कर दी। चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि तस्कर मालगोदाम के पास बनी मजार के पास खड़ा हुआ है। सूचना पर एएनटीएफ और कृष्णा नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 1.62 किलो हेरोइन, 469 ग्राम स्मैक, 1755 रुपये और मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस उसे अपने साथ चौकी ले आई। यहां पूछताछ में उसने खुद को मूलरूप से बिहार के थाना जमुई स्थित गांव दौलतपुर एवं हाल दिल्ली के नरेला निवासी मो. गयास अंसारी बताया। एसपी सिटी ने बताया कि तस्कर से बरामद मादक पदार्थ की बाजार में तीन करोड़ रुपये के करीब कीमत है। मथुरा में उसे सप्लाई देनी थी। सप्लाई देकर वह लौट रहा था, इससे पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया। चौकी प्रभारी कृष्णा नगर विक्रांत तोमर ने बताया कि तस्कर की पहचान काफी मुश्किल थी। उसने साधारण कपड़े पहन रखे थे और गंदे से बैग के अंदर काली थैली में स्मैक और हेरोइन रखी हुई थी। प्रथम दृष्टया तो ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि यह तस्कर हो सकता है। यदि वह पुलिस को देखकर भागता नहीं तो उसकी गिरफ्तारी संभव नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि वह बिहार से माल खरीदकर दिल्ली, फरीदाबाद, रोहतक आदि क्षेत्रों में सप्लाई करता है। इससे पहले वह 40 से 50 बार इस तरह माल ले जा चुका है।

## संत प्रेमानंद का मनाया जा रहा जन्मोत्सव, 30 मार्च तक होंगे आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद महाराज के जन्मोत्सव के पहले दिन भक्तिरस की धारा बही। 30 मार्च तक प्रतिदिन विविध आयोजन होंगे। प्रातः कालीन सत्र में संकीर्तन, सत्संग, महाराज जी के दर्शन, मंगला आरती, श्री जी की झूला दर्शन, श्रीहित चतुरासी जी पाठ होंगे। सायंकालीन सत्र में संध्या वाणी पाठ का आयोजन होगा।

**सबके लिए अलग अलग समय**

पहले दिन वृन्दावन, गोवर्धन, बरसाना, मथुरा, ब्रज क्षेत्र, आगरा व अलीगढ़ के शिष्य परिकर उत्सव से शामिल होने आए। 26 मार्च को उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रीय शिष्य, 27 मार्च को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम व पंजाब के शिष्य, 28 मार्च को एनआरआई, हरियाणा, केरल, तामिलनाडु, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और 29 मार्च को महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर व राजस्थान के शिष्य और 30 मार्च को विरक्त परिकर उत्सव में शामिल होंगे।

**यह है प्रवेश की व्यवस्था**

दर्शन के लिए निर्धारित दिन के अनुसार आने वाले भक्त प्रवेश द्वार संख्या-1 (स्वामिनी कुंज) से ही प्रवेश करें। वहीं अन्य दिनों में आने वाले शिष्यों की बैठक व्यवस्था प्रवेश द्वार संख्या-2 (भक्ति वेदांत हॉस्पिटल के सामने वाली गली) से होगी।



# नकली ज्वेलरी से लोन कंपनी को लग गया 87 लाख का चूना

## 4 कर्मचारियों सहित 23 लोगो पर मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**आगरा।** गोल्ड लोन देने वाली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कर्मचारियों द्वारा नकली सोने को असली सोने में पास कर 87 लाख रुपए के 37 लोन पास कर दिए। बाद में जब गिरवी रखे गए आभूषणों की जांच की गई तो हकीकत का पता चला। इस मामले में कंपनी की ओर से 23 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आगरा के सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम में केप्री ग्लोबल कैपीटल लिमिटेड कंपनी है। इसका हेड आफिस मुंबई में है। कंपनी के रीजनल मैनेजनर अमरेश श्रीवास्तव ने एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके शास्त्रीपुरम शाखा में ग्राहकों के एक ग्रुप द्वारा अलग-अलग दिनों में नकली सोने के आभूषणों को गिरवी रख कर लोन ले लिया। जब आभूषणों की गुणवत्ता की जांच की गई तो वो नकली निकले।

रीजनल मैनेजर ने बताया कि



शाखा मैनेजर अजय प्रताप सिंह, रोहित उपाध्याय, अर्जित सिंह जादौन और हरी मोहन ने मिलकर इस फ्रॉड की साजिश रची। इनके द्वारा नकली सोने पर लोन देने के लिए 37 लोन खाते बनाए गए। इन खातों पर करीब 87 लाख रुपए का लोन पास कर दिया। कंपनी को इससे काफी नुकसान हुआ है।

इस मामले में डीसीपी सिटी के आदेश के बाद शाखा प्रबंधक समेत 23 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें कंपनी के चार कर्मचारी है, बाकी ग्राहक हैं, जिनको नकली सोने के बदले लोन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रामगोपाल ने जीता दंगल

## अंतिम कुश्ती न लड़ पाने वाले पहलवानों ने किया हंगामा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** प्राचीन कंस मेला के इनामी कुश्ती दंगल में पहलवानों के उम्दा दांव-पेंचों को देख दर्शक रोमांचित हो उठे। पुलिस को उत्साहित भीड़ को नियंत्रित करने को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरी कुश्ती में हाथरस के नामचीन पूर्व विजेता पहलवान मोहन को पटकनी देकर मिश्री का बुर्ज (एत्मादपुर) के पहलवान रामगोपाल बघेल ने दंगल जीतने का खिताब अपने नाम किया तो मैदान तालियों से गूंज गया। दंगल विजेता बनने पर दर्शकों की भीड़ ने पहलवान रामगोपाल पर पुरस्कारों की बारिश कर दी। पालिकाध्यक्ष डा सुरेश चंद्र कुशवाहा और अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने इनामी धनराशि इक्यावन सौ रुपए नकद और सेला प्रदान किया।

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय प्राचीन कंस मेले के चौथे दिन राजकीय आदर्श विद्यालय के मैदान में आयोजित वार्षिक इनामी कुश्ती दंगल में एत्मादपुर के गांव मिश्री का बुर्ज के पहलवान रामगोपाल बघेल ने



हाथरस के पूर्व विजेता पहलवान मोहन को चितकर फाइनल मुकाबला जीता। कुश्ती दंगल का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा. कुशवाह ने किया। दूसरी आखिरी कुश्ती में कपावली के पहलवान मनोज को हाथरस के पहलवान मोहित ने हराया। इनामी कुश्ती दंगल में खंदौली, बरहन, टूंडला, आगरा के अलावा फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, एटा, मैनपुरी और हरियाणा, दिल्ली तक के पहलवान अपना प्रदर्शन करने आए। इनमें कई महिला पहलवान भी शामिल थीं। कुछ पहलवानों को जब प्रदर्शन का मौका नहीं मिला तो वह गुस्से में बिफर पड़े। कमेटी का कहना था कि पहलवानों की संख्या बहुत अधिक है और उसका बजट कम है। इस लिए सभी पहलवानों की कुश्तियां नहीं कराईं जा सकतीं। इस दौरान मैदान में काफी देर तक धक्का मुक्की और हंगामे का दौर भी चला। अंतिम कुश्ती भी इसी हंगामे के बीच हुई। कुश्ती लड़ने से वंचित पहलवान करुआ पूर्व प्रधान ने मंच पर खड़े होकर आयोजकों को जमकर भला-बुरा कहा। बीते वर्ष भी वह अर्ध नग्न अवस्था में थाने पहुंचे थे।

कुश्ती दंगल में रेफरी की भूमिका भाजपा नेता श्याम सोलंकी, सपा नेता पिंकी फौजी, पूर्व सभासद हाजी फरीद खां आदि ने निभाई। इस दौरान क्षेत्र पंचायत संगठन के अध्यक्ष समरसिंह बघेल, भीमसेन यादव, सचिन बघेल, मदन मोहन त्यागी, मोहम्मद समीम, विशाल वर्मा, सुभाष बघेल, सभासद अमित राठौर, संजय पाराशर वाल्मीक, माधवेंद्र नाथ सिंह, रजत कुमार वर्मा, धर्मेंद्र बघेल, रवि बघेल, योगेश, उमेश बघेल, हर्ष प्रताप सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# ससुरालियों ने बहु को रखने से किया मना

एनएनआई

**आगरा।** एक ब्लैकमेलर की वजह से पीड़िता का गृहस्थ जीवन टूटने की कगार पर आ पहुँचा है। ससुराल वाले युवती को अब अपने साथ रखने से इनकार कर रहे है। कई बार पुलिस से शिकायत के बावजूद भी समय पर इंसाफ न मिलने के कारण दबंग के हौसले काफी बुलंद हैं। युवती के फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने से दबंग बाज नही आ रहा। मामले में पीड़िता द्वारा थाने पर ब्लैक मेल करने वाले खिलाफ थाने पर फिर से शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र की एक पीड़िता




**ब्लैकमेलर की वजह से गृहस्थी में संकट, पुलिस से भी नहीं मिल रहा इंसाफ**

का विवाह इसी माह हुआ था। उसकी शादी से पहले इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला धर्मेंद्र सिंह पीड़िता के फोटो वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसे ब्लैक मेल कर चुका है। युवती द्वारा कई बार इसकी शिकायत थाने पर की गई मगर कोई इंसाफ नही मिला। साथ ही चौकी पर शिकायत करने गए पीड़िता को भी पुलिस ने टहला दिया। कुछ दिन पूर्व ही पीड़िता का विवाह संपन्न हुआ था। ब्लैकमेल करने वाले धर्मेंद्र सिंह ने युवती के फोटो उसके ससुरालियों को भेज दिए। फोटो देखने के बाद से ससुरालियों ने पीड़िता को अपने घर रखने से मना कर दिया है। मामले में पीड़िता द्वारा ब्लैकमेल करने वाले आरोपी के खिलाफ फिर से शिकायत की गई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

# चांदी की सिल्ली लेकर जा रहे चोर को पकड़ा

**आगरा** एनएनआई। रोहता में एक बंद घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी साफ करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। उससे लाखों रुपये का माल मिला है। वह करीब डेढ़ किलो वजनी चांदी की सिल्ली लेकर जा रहा था। उसके साथी की तलाश की जा रही है। एसीपी सदर विनायक भोंसले ने बताया कि रोहता, सदर में 11 मार्च को एक बंद घर के ताले तोड़कर चोरों ने अलमारी के लॉकर आदि से सोने-चांदी के गहने, नकदी चोरी की थी। मंगलवार को पुलिस ने चांदी की सिल्ली के साथ फाउंड्री नगर, एत्माद्दौला के सचिन शर्मा को पकड़ा।

# पुलिस की चीता बाइक ले उड़े चोर, दो दिन बाद दर्ज हुआ केस

एनएनआई

**आगरा।** किला के पास गश्त पर निकले सिपाहियों ने अपनी चीता मोबाइल बाइक खड़ी कर दी। यहां से पैदल पार्किंग की तरफ चले गए। जब सिपाही वापस लौटे, तो बाइक नहीं मिली। चोर बाइक को चोरी कर ले गए। दो दिन बाद थाना रकाबगंज में चोरी का केस दर्ज हुआ है। रकाबगंज थाने के हेड कॉन्स्टेबल कौशलेंद्र सिंह ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 22 मार्च रात तो साथी गोविंदराम के साथ चीता मोबाइल बाइक से गश्त पर निकले थे। अमर सिंह गेट के



सामने पार्किंग में कुछ संदिग्ध नजर आया। बाइक को पर्यटन पुलिस बूथ पर खड़ी कर दी और पैदल पार्किंग की तरफ चले गए। करीब 20 मिनट बाद वापस लौटकर आए तो बाइक नहीं मिली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान के प्रयास में जुटी है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।


– प्रबंधक विज्ञापन


# टीसीएस मैनेजर सुसाइड केसः पत्नी निकिता और ससुर पर 10-10 हजार का इनाम

एनएनआई

**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र के रहने वाले टीसीएस कंपनी के मैनेजर मानव शर्मा की खुदकुशी केस में फरार चल रही पत्नी निकिता और ससुर नृपेंद्र शर्मा पर पुलिस ने 10-10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। दोनों के गैर जमानती वारंट पहले ही जारी हो चुके हैं।

डिफेंस कालोनी, सदर निवासी मानव शर्मा ने पत्नी से तंग आकर 24 फरवरी को फंदा लगाकर जान दे दी थी। उनके मोबाइल में बहन को एक वीडियो मिला था। वीडियो उन्होंने खुदकुशी से पहले बनाया था। पुलिस



ने वीडियो को मृत्यु पूर्व बयान माना। सदर थाने में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धारा के तहत केस दर्ज किया गया।

इसके बाद पुलिस ने निकिता को कई बार बयान के लिए बुलाया मगर वह नहीं आई। पुलिस ने होली से पहले निकिता की मां और बहन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। एसीपी सदर विनायक भोसले ने बताया कि निकिता और उसके पिता पर 10-10 हजार रुपये का इनाम रखा गया है। इसके बाद भी गिरफ्तारी नहीं होती है तो कुर्की की उद्घोषणा के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।

**पत्नी निकिता ने भी जारी किया था वीडियो**

मानव शर्मा की पत्नी निकिता ने खुद पर आरोप लगने के बाद वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा है कि मानव इससे पहले भी दो बार सुसाइड की कोशिश कर चुके थे। सुसाइड से कुछ समय पहले ही उसने मानव के पिता और बहन को इस बारे में आगाह किया था। वीडियो के बाद निकेता परिवार सहित गायब हैं। निकिता ने मानव की बहन से व्हाट्सएप पर हुई चैट के साक्ष्य भी पेश किए। उनका कहना है कि मानव जिस बात को लेकर बहुत ज्यादा परेशान था, वह पास्ट था।

**सुसाइड वाले दिन शाम को छोड़कर गए थे मायके**

निकिता ने बताया कि सुसाइड वाले दिन शाम को उसे हंसी-खुशी बरहन मायके में छोड़कर गया था। कहा कि मानव कुछ समय से बहुत तनाव में थे। तनाव में उन्होंने दो बार अपनी जान देने की कोशिश की थी, लेकिन दोनों बार उसने ही उन्हें बचा लिया था। इस बारे में उसने ससुराल के सदस्यों को भी बताया था, लेकिन उन्होंने पति पत्नी के बीच का मामला बता कर टाल दिया। बकौल निकेता, मानव की यह स्थिति देखकर वही उसे मुंबई से आगरा लेकर आई थी।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना आगरा


बुधवार, 26 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



# जाट वंशावली की हुंकार, अबकी आर-पार

## किरावली चौराहे पर लगेगी महाराजा सूरजमल की विशाल प्रतिमा

- जाट वंशावली की मुहिम को मिला अन्य वर्गों व संस्थाओं का समर्थन
- बड़े माननीय के खिलाफ उन्हीं के समाज में पनप रहा है रोष





> जाट वंशावली व समाज की अन्य संस्थाओं ने एक स्वर से महाप्रतापी महाराजा सूरजमल की शीघ्र ही प्रतिमा को सम्मान के साथ स्थापित कराने की मांग की है। सोशल मीडिया पर चली मुहिम अब आवाज बन चुकी है। एक सुर में कहा जा रहा है कि जब तक समाज सम्मान के साथ विशाल प्रतिमा स्थापित नहीं कराता, तब तक वो चैन से नहीं बैठेंगे। एक आवाज पर सैकड़ों ने तन-मन-धन से सहयोग देने की घोषणा की है।

एनएनआई

**आगरा।** इतिहास गवाह है कि महाराजा सूरजमल जातिवादी शासक न होकर हिंदुत्व व समाज के रक्षक थे। उन्होंने जितनी भी लड़ाइयां लड़ी हिंदुत्व व सर्वसमाज के हित में लड़ी। जाट वंशावली के संस्थापक अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने कहा कि महाराजा हमारे देश की शक्ति का प्रतीक है। महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित करना जाट समाज ही नहीं अपितु समूचे देश के लिए गौरव की बात है, जो उनके इतिहास और संघर्ष को याद दिलाती है। महाराजा सूरजमल सभी के प्रेरणास्रोत हैं और हमेशा रहेंगे। महाराजा सूरजमल ने अपने बाहुबल से मुगलों के छक्के छुड़ा दिए थे। उन्होंने देश और समाज की आन बान शान कायम की। कई राजाओं, उनकी सेना को शरण दी,उनकी महिलाओं के सम्मान की रक्षा की। न केवल आगरा किला बल्कि दिल्ली के किले तक अपने कौशल का लोहा मनवाया।

सूत्रों की मानें तो सोशल मीडिया से बहुत खड़ा हुआ जाटों की मुहिम एक बड़ा आंदोलन का स्वरूप लेती जा रही है। जाट वंशावली की घोषणा के बाद जाट समाज के प्रबुद्धजनों का कहना है कि वह किसी अन्य समाज के महापुरुष की प्रतिमा या संग्रहालय का स्वागत करते हैं लेकिन उनके महापुरुषों को भी उचित सम्मान और स्थान मिले।

जाट वंशावली का कहना है कि सर्वप्रथम किरावली चौराहे पर महाराज सुरजमल की प्रतिमा स्थापित की जाएगी उसके बाद शहर के प्रमुख चौराहे पर वीर गोकुला की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। जाट वंशावली शांतिपूर्ण तरीके से सरकार से मांग करते हैं कि कोठी मीना बाजार में शिवाजी स्मारक के साथ-साथ आधे हिस्से में महाराजा सूरजमल और वीर गोकुला का भी स्मारक बनवाया जाये। सरकार को इस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए अन्यथा जाट समाज सड़कों पर उतरेगा।

जाट समाज के प्रबुद्ध लोगों ने सजातीय बड़े माननीय पर सामाजिक बिखराव का आरोप लगाते हुए कहा कि वह समाज को छोड़कर वोट की राजनीति कर रहे हैं यह कतई स्वीकार नहीं है।

महाराजा सूरजमल के सम्मान में जाट समाज की कई संस्थाओं द्वारा बैठकों का दौर जारी है तथा आंदोलन की भूमिका बनाई जा रही है। जाट वंशावली के संस्थापक अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने समाज के सभी वर्गों व संस्थाओं से अपील की है कि सभी एकसाथ आकर महाराजा सूरजमल के सम्मान के लिए संघर्ष करें। सर्वप्रथम जाट वंशावली को सहयोग कर किरावली में प्रतिमा स्थापित करायें उसके बाद अन्य स्थानों पर भी स्मारक व प्रतिमा स्थापना की निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

समाजसेवी व वरिष्ठ एडवोकेट केदार सिंह चाहर ने एक लाख से 5 लाख तक की आर्थिक सहायता की घोषणा की है और कहा है कि जल्द ही किरावली चौराहे पर भूमि पूजन किया जायेगा। वहीं उन्होंने अकोला तहसील बनने पर महाराजा सूरजमल व वीर गोकुला की प्रतिमा के लिए जमीन देने की घोषणा की है।

## आध्यात्मिक ज्ञान से जीवनशैली होती है सहजः अनिरुद्ध बलराम प्रभु

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी एंड पैरामेडिकल साइंसेज में 'योग फॉर हैपीनेसः स्पेशल यूथ इनिशिएटिव बाय वृन्दावन चंद्रोदया मंदिर' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे युवा सलाहकार परम पूज्य अनिरुद्ध बलराम प्रभु और प्रियसखी देवी दासी। सर्वप्रथम चंद्रोदया मंदिर से आए सभी अनुयायियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अनिरुद्ध बलराम प्रभु ने छात्रों एवं सभी शिक्षकों को भगवद गीता से प्रेरित खुशहाल, तनाव-मुक्त जीवन के लिए व्यावहारिक सबक बताए। अपने इंटरैक्टिव सेशन में उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान का उपयोग समझाया जिससे जीवनशैली सहज और सरल भाव के साथ व्यतीत की जा सके। इसी सेशन में आंतरिक शांति का अनुभव करने के लिए मंत्र ध्यान और परमानंद कीर्तन का भी आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग और ध्यान क्रिया के उपयोग से व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के बीच सामंजस्य बनाए रखना है। कार्यक्रम के अंत में फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ. रवी शेखर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। आयोजन और मंच संचालन डॉ. गौरव राजौरिया ने किया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज यादव और डॉ. स्वेतलाना थी। फार्मडी के छात्र अमन, आदित्य, राहुल और निखिल का सहयोग रहा। वर्कशॉप में विभाग के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को पढ़ाया कानून का पाठ

एनएनआई




**आगरा।** वरिष्ठ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव ने 'एक पहल पाठशाला' का दौरा किया। उन्होंने अपने कानूनी अनुभव साझा करते हुए कानून और न्याय व्यवस्था की अहमियत बताई। छात्रों ने विधि क्षेत्र में करियर को लेकर सवाल पूछे, जिनका श्रीवास्तव ने विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने वकालत और न्यायिक सेवाओं में अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को परिश्रम और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एके द्विवेदी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों और शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया। उनकी प्रेरणादायक बातों से कई छात्रों में विधि क्षेत्र को अपनाने की नई ऊर्जा जागी। आलोक प्रसाद श्रीवास्तव - खंड शिक्षा अधिकारी, डॉ. अंजली श्रीवास्तव- असिस्टेंट टीचर, संतोष श्रीवास्तव, बबीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष राय, नवीन कुमार, अंकुर कंसल, मनीषा गैलानी, संजना रावत व अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# देश में व्यापार का बना सुरक्षित माहौलः सुनील सिंधी

## सैंकड़ों व्यापारियों की मौजूदगी में फेम का व्यापारी सम्मेलन सम्पन्न

एनएनआई

**आगरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल की ओर से आयोजित व्यापारी समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन श्रीजी फार्म हाउस अलीगढ़ रोड हाथरस पर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चैयरमैन सुनील सिंधी ने कहा कि बजट में सरकार ने अनेकों योजनाएं व्यापारी हित मे बनाई हैं जिनका लाभ उद्योगों और व्यापारियों को मिलने जा रहा है।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने कहा कि इसमें दो राय नहीं है कि व्यापारी को देश और प्रदेश में सुरक्षित माहौल नहीं मिल रहा है, लेकिन आज भी अफसर शाही खुलकर व्यापारी का आर्थिक शोषण करती है। व्यापारी को सिंगल विंडो प्रणाली आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने व्यापारियों को राहत के लिये सत्रह सूत्रीय ज्ञापन सिंधी जी को सौंपा।

व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय सदस्य देबेश रस्तोगी जी ने कहा कि सरकार की ढेरों वित्तीय योजनाएं व्यापारी हित मे चल रही हैं। व्यापारी अधिक से अधिक लाभान्वित हो यही सरकार का प्रयास है फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि स्वउत्पादन को प्रोत्साहन मिलने पर ही भारत उन्नत राष्ट्र बनेगा। इसलिये स्वदेशी पर हमारा जोर रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि लोकप्रिय सांसद अनूप प्रधान ने कहा कि व्यापारी की समृद्धि में ही सबकी समृद्धि है। सादाबाद के विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू ने कहा कि वे भी व्यापारी हैं और व्यापारियों की पीड़ा समझते हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी, लोकदल जिला अध्यक्ष श्याम प्रधान, मंचासीन अतिथि ठाकुर



राजेश सिंह गुड्डू भैया, सांसद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी ओंकार नाथ अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, नन्नूमल गुप्ता चंचलसुपारी वाले थे।

अध्यक्षता उद्योगपति प्रमुख समाजसेवी सेठ दीपक बूटियां ने की कार्यक्रम का सफल संचालन अतुल आंधीवाल एडवोकेट द्वारा बड़े सुचारू ढंग से किया गया। डॉ.उपेंद्र झा कवि एवं साहित्यकार और फेडरेशन के परम हितैषी ने काव्य पाठ के माध्यम से आगुन्तकों में जोश भर दिया कार्यक्रम के सफलता को दीपक बूटियां व्यापारी उद्योग बंधुओं का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम संयोजक सुरेश अग्रवाल ने कार्यक्रम सफलता का श्रेय लोकसभा प्रभारी पंडित हरेंद्र शर्मा जिला उपाध्यक्ष देवकीनंदन वर्मा बंटू भैया जिला मंत्री शैलेंद्र शर्मा बॉबी युवा जिला महामंत्री आकाश वर्मा का विशेष सम्मान किया गया।

संपूर्ण टीम को बधाई देते हुए कार्यक्रम की सफलता का श्रेय दिया। कार्यक्रम में देवेंद्र मोहताजी, प्रदीप गोयल अभय अग्रवाल, पिंकी रवणउद्योग नितिन अग्रवाल नमकीन वाले सत्य प्रकाश शर्मा, रंगीला गुरु राजकुमार कोठीवाल, पवन पोरुषजी, सुनील अग्रवाल, एनएसएस लोकेश अग्रवाल, हींग वाले नरेश वर्मा, रवि वर्मा, ओमप्रकाश कलसा वाले ओमप्रकाश मार्केट वाले मदन गोपाल भगत, कमल वर्मा, राहुल वर्मा, पंडित दिनेश आर्य, शिवम गुप्ता, जलज अग्रवाल, सुनील पंडित, सभासद संजीव अग्रवाल, मैडू वाले रौनक गुप्ता, अलीगढ़ सहित मथुरा से जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह,जिला महामंत्री सुभाष सैनी,कन्हैया दास, अतुल शोरा वाले, चंद्रमोहन बंसल,नितिन कर्दम, वाईपी शर्मा आदि रहे तथा आगरा से जिला महामंत्री ब्रजेश पंडित तथा व्यापारी व उद्योगपति मौजूद रहे।

# विश्वस्तरीय सेवाओं के लिए विख्यात है आसोपा हॉस्पिटल



एनएनआई

**आगरा।** आसोपा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर सदैव से एक व्यक्ति का कृति प्रदर्शन रहा है। यह स्व. प्रो. हरी शंकर आसोपा और उनकी पत्नी विमला आसोपा द्वारा निर्मित कराया गया था। वे न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि पूरे देश-दुनिया में शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता एवं एक मानवतावादी चिकित्सक के रूप मे जाने जाते थे। वे इस क्षेत्र के निर्धन एवं वंचित लोगों के प्रति असीम सहानुभूति रखते थे और एक बड़ी संख्या में गरीब मरीजों की निःशुल्क सेवा करते थे। आज आसोपा हॉस्पिटल 34 वर्ष पूर्ण कर 35वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. ज्योति आसोपा ने बताया कि यह हॉस्पिटल कोई कॉरपोरेट हॉस्पिटल नहीं हैं। यह विशुद्ध रूप से सेवा करने वाला हॉस्पिटल है जो डॉ. हरिशंकर आसोपा के बनाए सिद्धांतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि 1971 में उनका शोध इंटरनेशनल सर्जरी जर्नल में प्रकाशित हुआ था। यह प्रक्रिया जिसे आसोपा प्रक्रिया के नाम से जाना जाता है। पूरे विश्व में यूरोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ, प्लास्टिक एवं सामान्य सर्जन द्वारा की जाने लगी हैं। आसोपा हॉस्पिटल अपने विश्वस्तरीय सेवाओं के लिए विख्यात है। डायरेक्टर डॉ. पुनीता आसोपा ने बताया कि वर्तमान में हॉस्पिटल में डॉक्टर्स की एक प्रशिक्षित टीम डॉ. ज्योति आसोपा के संचालन में काम करती है जो खुद न्यूयॉर्क मेडिकल कॉलेज, न्यूयॉर्क अमेरिका से एमडी है। यह हॉस्पिटल गरीब मरीजों की सेवा करने में अग्रणी है। इस मौके पर डॉ. ज्योति आसोपा (डायरेक्टर), डॉ. पुनीता आसोपा डायरेक्टर, डॉ. एके खन्ना (फिजिशियन), डॉ. जीजी सिंघल (सर्जन), डॉ. रमन मरचंद (सर्जन) डॉ. शालिनी मुंजाल (गाइनेकोलॉजिस्ट), डॉ. एलके गर्ग (बाल रोग विशेषज्ञ), पीके श्रीवास्तव (मैनेजर) आदि अन्य उपस्थित थे।

# कुशल कामगारों को खोजना व्यापार की पहली सीढ़ीः मेयर

- उद्यम की बारीकियां सीखने को परिचर्चा में जुटें व्यापारी
- शहर के श्रेष्ठ 23 व्यापारियों को महापौर ने किया सम्मानित



एनएनआई

**आगरा।** व्यापारिक संगठन बीएनआई जॉय शाखा की ओर से मंगलवार को फतेहाबाद रोड स्थित होटल ग्रांड मरक्यूर में परिचर्चा का आयोजन किया। मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने कहा कि व्यापार की पहली सीढ़ी सही कौशल के कर्मचारियों को ढूंढना और उनका नेतृत्व करना है।

अध्यक्ष संजय बघेल और संयोजक ओम मित्तल ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम के पहले सत्र में विशेषज्ञों के पैनल ने उद्यम की बारीकी सीखने को 'व्यापार में जरूरी कौशल' विषय पर चर्चा का आयोजन किया। दूसरे सत्र में महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह द्वारा शहर के विभिन्न व्यापारिक क्षेत्र के श्रेष्ठ 23 उद्यमियों को एंटरप्रेन्योर एक्सीलेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया।

उपाध्यक्ष उपेंद्र अवस्थी ने बताया कि चयनित अवार्डीज ने अपने टेक्सटाइल्स, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजायनर, हॉस्पिलिटी सेक्टर, रियल एस्टेट, सॉफ्टवेयर डेवलपर, बैंकिंग, शिक्षा, निर्यातक, निमार्ता, कॉन्टेक्टर, इवेंट मैनेजमेंट आदि क्षेत्र के व्यक्तिगत अनुभव व्यापारियों से साझा किए।

इस अवसर पर अध्यक्ष संजय बघेल, उपाध्यक्ष उपेंद्र अवस्थी, ओम मित्तल, शिवम अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, वेदांती बंसल, आशीष अरोरा, डॉ. शैलेन्द्र चौहान, डॉ. योगेंद्र देशवार आदि मौजूद रहे।

**इन्हें मिला सम्मान**

कार्यक्रम में मयंक अग्रवाल, केतन छाबरा, सुभाष बघेल, अंकित बंसल, गुरप्रीत सिंह, डॉ. पंकज अग्रवाल, अंकुर पराशर, अजय यादव, अर्पित गुप्ता, डॉ. करन रावत, सार्थक सिंघल, भरत शर्मा, प्रतिभा दुबे, अजीत बंसल, पल्लवी महाजन, याकूब अली, अनिकेत मंगल, सुकेश जिंदल, सोनाली सेंगर, कुंवर राहुल, संचित अग्रवाल, वीके सिंह, नम्रता को सम्मानित किया।

# महानगर अध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाया, 21 किलो फूलों का हार

**आगरा (एनएनआई)।** भाजपा अर्जुन नगर मंडल ने सोमवार को नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का स्वागत मिलन वाटिका ( खेरिया मोड़ ) पर किया गया। अर्जुन नगर मंडल अध्यक्ष जयसिंह सरदारा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने चांदी का मुकुट महानगर अध्यक्ष को पहनाया और इक्कीस किलो की फूलों की माला पहनाई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी उपस्थितजनों का मन मोहा। ढोल-नगाड़ों के बीच शानदार और भव्य स्वागत से साथ नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता अभिभूत हो गए। छावनी विधानसभा के विधायक जीएस धर्मेश ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व और कार्यकताओं का कोटि कोटि आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री मनीष खेत्रपाल ने किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष महेश शर्मा, राहुल सागर, योगेश त्यागी,सुशील नोतनानी, विनय अग्रवाल, संदीप परिहार, पार्षद अजय गोस्वामी,पार्षद इंद्रपाल सिंह, अमित शर्मा, सुनील कुमार चक,मीडिया प्रभारी अमित लवानिया, मनीष ठाकुर, केशव महाजन, मुकेश बंसल, शशि उपाध्याय, सुशीला त्यागी,नीलम गुप्ता,सचिन कश्यप,मदन कुशवाह, विवेक पाठक,राममोहन गुप्ता दीक्षा बघेल, भाजपा अर्जुन नगर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- भाजपा अर्जुन नगर मंडल के पदाधिकारियों ने किया स्वागत



# डीईआई में अंजनी को मिला डायरेक्टर्स मेडल



आगरा एनएनआई। डीईआई की एमबीए छात्रा अंजनी उपाध्याय पुत्री देवेन्द्र कुमार उपाध्याय निवासी सोरों कटरा, शाहगंज को एमबीए अपशिष्ट प्रबन्धन एवं सामाजिक उद्यमिता में हाईस्ट ग्रेड पॉइंट आने के उपलक्ष्य में दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा डायरेक्टर्स मेडल प्रदान किया गया। अंजनी के पिता देवेन्द्र कुमार व्यापारी हैं तथा माता ललिता उपाध्याय गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि अंजनी उपाध्याय ने बड़ी मेहनत कर शिक्षा में यह मुकाम हासिल किया है।

# मनोज पोद्दार बने अध्यक्ष, कमल जैन चुन गए महामंत्री

आगरा एनएनआई। श्री दिगम्बर जैन लंबेचु महासमिति का चुनाव रविन्द्र बरौलिया के सानिध्य मे हुई। आमसभा की बैठक श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के शान्ति सागर सभागार में सम्पन्न हुए। इसमें मनोज पोद्दार अध्यक्ष, कमल जैन महामंत्री, नीरज जैन उपाध्यक्ष और आनन्द जैन संस्कृतिक मंत्री चुने गए।




# स्वामी लीलाशाह जो जन्म दीह मनाईयु गीत खुशीयूं जा गायुह

**संत शिरोमणी शहंशाह साईं लीलाशाह के 145वें जन्मोत्सव पर भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु**



एनएनआई

आगरा। संत सिरोमणी साईं लीलाशाह के 145 वें जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। शाहगंज श्रीकृष्ण गौशाला में आयोजित भजन संध्या में हजारों श्रद्धालुओं साईं के अनुयाइयों बड़े ही उत्साह व श्रद्धा के साथ भाग लिया।

भजन संध्या का शुभारम्भ कमेटी द्वारा साईं लीलाशाह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रख्यात मंघाराम सिंधु धारा म्यूजिकल ग्रुप अजमेर राजस्थान एस के म्यूजिकल ग्रुप आगरा के भजन गायकों ने स्वामी लीलाशाह जी आराधना कर साईं के दरबार भजन संध्या में अपने कंठ से भक्तिमय मधुर स्वरों स भजनों में साईं की महिमा का गुणगान भजन की सुर लहरियों के साथ किया। शहंशाह लीलाशाह जेको चवंदो लीलाशाह तेहंजा थीदा बेड़ा पार.... मेरा बाबा बेपरवाह साईं लीलाशाह तू ही रब तू ही अल्लाह साई लीलाशाह... स्वामी लीला शाह मन में वसे दिल सतगुरु सतगुरु पई करें....हिंद सिंध जो शेर मात चुमया तुंहजा पैर साईं लीलाशाह प्यारा दरवेश दुलारा मातावारी वन्या बलिहारी वन्या.... एक के बाद एक देर रात तक भजनों को श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। श्रीकृष्ण गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी लाल भगत्यानी एवं सचिव महेश मंघरानी ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। भजन की प्रस्तुति दी एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है सतगुरु...कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की देखरेख उपाध्यक्ष मनीष हरजानी व कोषाध्यक्ष भगवानदास आवतानी संग समस्त कमेटी ने देखी। आभार नारायन दास लालवानी ने किया। इस अवसर पर लता भगत्यानी, भावना मंगरानी, दिव्या अवतानी, रिया हरजानी, श्याम चांदनी भोजवानी, पूरनचंद, सोनू मदनानी, पूजा भोजवानी, वर्षा धमार्णी , दीपा लालवानी, हरीश होतचंदानी, मुरलीधर पहलाजानी, जेके मदनानी, जे पी धमार्नी मौजूद रहे। संचालन हेमंत भोजवानी ने किया

## सोमनाथ धाम महंत बालक नाथ का स्वागत

सोमनाथ धाम शाहगंज पर बालक धाम मंदिर रोहतक मंदिर के पीठाश्वर महंत बालक नाथ वर्तमान में विधायक पूर्व सांसद पधारे। उनका गर्म जोशी से ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। डॉ योगी शंकर नाथ जी ने उनको राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की और शॉल पहनाकर सम्मान सत्कार किया। पीर बालक नाथ जी ने नाथ संप्रदाय के बारे में व सनातन के बारे में विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर योगी जहाजनाथ, योगी विश्वनाथ, मनीष नाथ, नमननाथ, हेमंत भोजवानी, चंद्र प्रकाश सोनी, घनश्याम देवनानी, श्याम भोजवानी, भरत मंगलानी, पंडित विकास, सुनील करमचंदानी, जयप्रकाश धमार्नी, सुशील नोतनानी, वासुदेव, टीकम लालवानी जगदीश तोरानी, राजकुमार लालवानी, किशन कुमार, सुमित, विक्की बाबा, घनश्याम मुलानी, जगदीश तोरानी, गुलशन मकान, सुरेश, लोकेश, गुलशन आदि मौजूद रहे।





# लीडर्स आगरा के सदस्यों ने किया अयोध्या दर्शन

एनएनआई



आगरा। लीडर्स आगरा परिवार की सालाना धार्मिक यात्रा ने इस वर्ष अयोध्या मे भगवान श्रीराम के भव्य दर्शन कर उनके समक्ष मत्था टेका। महामंत्री सुनील जैन ने बताया इस वर्ष लीडर्स आगरा के अध्यक्ष डॉ पार्थ सारथी शर्मा की अगुवाई मे सभी सदस्य अयोध्या यात्रा पर निकले। शुभारम्भ संरक्षक एवं प्रमुख ऑटोमोबाइल उद्यमी अमरेंद्र प्रकाश जैन ने झंडी दिखा कर किया। सरयू स्नान के बाद, सभी ने हनुमान गढ़ी मे भव्य दर्शन किये। सौभाग्य से यात्रा के दिन अयोध्या में जन्मे जैन धर्म के प्रमुख तीर्थकर आदिनाथ भगवान के अयोध्या मे निकल रहे भव्य जुलुस मे भाग लेकर भगवान आदिनाथ जी के दर्शन किये। शाम को राममंदिर मे भव्य रामलला के नतमस्तक होकर भव्य दर्शन किय। लीडर्स आगरा के दल में स्वीटी चौहान, शिखा जैन, विजय जैन, ओमप्रकाश मेडतवाल, हिमांशु सक्सेना, राहुल जैन, हरिकांत शर्मा, हेमा जैन, विजय जैन, राहुल वर्मा, नवीन चंचल, दीपू वर्मा, सोना वर्मा, सुनील बग्गा, अंजलि गुप्ता, डॉ अशोक कुशवाहा, ममता कुशवाहा, आयुषी गुप्ता, अमित सेठिया, शिल्पी जैन, डॉ ज्योति बुद्धिराजा,अवधेश उपाध्याय,रोबिन जैन, अशोक,निर्मला शर्मा, डिम्पल वर्मा,दीक्षा गुप्ता, पवन गुप्ता, राजदीप ग्रोवर, विनीता जादौन, प्रभु दयाल सिंह,पूरन चंद वर्मा,आदि लीडर्स आगरा दल मे शामिल थे।

# सड़कों पर रफ्तार भरेगी ई आटो बजाज गोगो

एनएनआई

आगरा। बजाज ऑटो ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर में बड़ा कदम उठाते हुए बजाज गोगो नाम से एक नया ब्रांड पेश किया है। आगरा में रामबाग स्थित मनोरम बजाज शोरूम पर बजाज गोगो ई ऑटो का लोकार्पण बजाज के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश शर्मा, मनोरम बजाज के एमडी राम मोहन कपूर, जेएमडी गौरव कपूर, कंपनी के रीजनल मैनेजर अनिल कुमार ने किया।

आगरा में बजाज गोगो ई ऑटो की पहली डिलीवरी सोना देवी को की गई। इसके अलावा पहले ही दिन 12 ग्राहकों को भी डिलीवरी दी गई। बजाज गोगो के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि बजाज गोगो ब्रांड के तहत कंपनी ने पैसेंजर और कार्गो कैटेगरी में ई-ऑटो की एक पूरी सीरीज लॉन्च की है। इसकी विशेषता इसकी विभिन्न श्रेणियां हैं। साथ ही साढ़े चार से पांच घंटे में फुल चार्जिंग है। एक बार फुल चार्ज होकर बजाज गोगो 251 किमी तक का सफर तय करेगी। उन्होंने बताया कि बजाज गोगो विश्वसनीय, मजबूत और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन सुनिश्चित करता है। पैसेंजर और कार्गो वेरिएंट में उपलब्ध, बिल्कुल नया बजाज गोगो गति, स्थिरता, दक्षता और इलेक्ट्रिक भविष्य की ओर एक साहसिक कदम का प्रतिनिधित्व करता है।




कंपनी के रीजनल मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कि बजाज गोगो फिलहाल तीन वेरिएंट पी5009, पी5012 और पी7012 के साथ बाजार में उतारा गया है।

मनोरम बजाज के एमडी राम मोहन कपूर ने बताया कि ई ऑटो में पहली बार टू-स्पीड ऑटोमैटेड ट्रांसमिशन की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे न केवल इसकी रेंज बेहतर होती है, बल्कि ग्रेडेबिलिटी भी शानदार मिलती है। जेएमडी गौरव कपूर ने बताया कि कंपनी ने इसमें कई एडवांस सेफ्टी और टेक्नोलॉजी फीचर्स भी जोड़े हैं। इनमें ऑटो हैजर्ड और एंटी-रोल डिटेक्शन, पावरफुल एलईडी हेडलाइट्स और हिल होल्ड असिस्ट जैसे फीचर्स शामिल हैं, जो इसे अन्य इलेक्ट्रिक ऑटो से अलग बनाते हैं। बजाज गोगो ई ऑटो की कीमत 3,26,797 रुपये और 3,83,004 रुपये हैं।

# महिला के 14 हजार लेकर भाग गया टप्पेबाज

एनएनआई



**पिनाहट।** गलियों में कपड़े बर्तन की फेरी लगाने आए टप्पेबाज इनाम खींचने के नाम पर महिला से 14 हजार रुपए छीन कर भाग गए। कस्बा के मोहल्ला मार में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे दो युवक कपड़े और रसोई के बर्तन बेचने के लिए पहुंचे। आवाज लगाकर सामान बेचने के लिए महिलाओं को घर से बुलाने लगे। महिलाऐं इकठ्ठी हो गयी। दोनों युवक पहले से प्लानिंग करके आए थे। दोनों युवक इनाम खींचने का लालच देकर ठगी के जाल में महिलाओं को फंसाने लगे। पहले 500 रुपए की इनाम एक महिला को देकर लालच दे दिया।

नीतू पत्नी राजीव शातिरों के जाल में फंस गयी। उसने सारी ईनाम और सामान खरीदने के लिए 14 हजार रुपए लाकर दिए। दोनों युवक महिला के हाथ से पैसे लेकर मंगलवार को पिनाहट में महिला से ठगी के बाद पहुंची पुलिस। महिलाओं के चीखने चिल्लाने पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हुई। तब तक दोनों भाग गये। सामान की पोटली खोलकर देखने पर पता लगा कि उसमें कोई ईनाम नहीं है। मात्र दो हजार रुपए का सामान है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची गयी। और मामले की जांच शुरू कर दी है। महिलाओं के साथ हुई इस घटना से समूचे कस्बा में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है। कि कस्बा की गलियों में दिन दहाड़े इस तरह की घटना से असुरक्षा बढ़ रही है। पिनाहट प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा पाल सिंह ने बताया कि महिला को ठगी का शिकार बनाया गया है। जांच कराई जा रही है।

# नदरई ऐतिहासिक मेला में उमड़ी हजारों की भीड़



**कासगंज** एनएनआई। नगर कोतवाली के गांव नदरई में हर वर्ष होली के बाद पहले मंगलवार को लगने वाले ऐतिहासिक मेले की मिसाल ज भी कायम है। हिंदू समुह्रदाय के लोग मंदिर पर पूजा, अर्चना कर देश की खुशहाली व तरक्की की दुआएं मांगते हैं। इस वर्ष भी ऐतिहासिक मेले में मंगलवार को दूर दराज से आए लोग भीमसेन मंदिर में पूजा अर्चना कर और जमकर मेले का लुत्फ उठाया। लोगों ने मेले में लगी दुकानों से जमकर खरीददारी कर चाट पकोड़ी का स्वाद चखा। वहीं कुछ लोग नदरई के पुल जाकर सुबह से ही खूब मौज मस्ती करते देखे जा रहे थे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर रहा। जिससे मेले में कोई अराजकता न फैला सके।

बतादें कि कासगंज नगर के समीपवर्ती ग्राम नदरई में मंगलवार को परम्परागत रूप भीमसेन मंदिर पर मेला का आयोजन किया। झूले बच्चों के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। मान्यता के अनुसार, लोग छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। मान्यता है कि यहां पर पूजन करने से बच्चे बीमारियों से दूर रहते हैं और स्वस्थ्य रहते हैं। भीमसेन मंदिर में माता ललिता देवी की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक हो मनौती मांगी। 84 मन के घंटे का भी पूजन किया गया। मेले में शहर के अतिरिक्त समीपवर्ती ग्रामों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। देर शाम तक मेला चलता रहा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए। पुलिस मेला स्थल और मंदिर पर तैनात रही। वहीं मेले में बड़ी संख्या में बच्चों के लिए झूले, खेल-खिलौने व चाट पकौड़ी दुकाने सजी थी। ग्रामीण परिवेश की सौंदर्य प्रासाधन की भी दर्जनों दुकानें मेले में लगाई गईं थीं। इन दुकानों पर खरीददारों की भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री खरीदी। बच्चों ने झूले का आनंद लिया तो बड़ों ने चाट पकौड़ी का आनंद लिया। वहीं नदरई मेले के बाद लोग ब्रिटिश कालीन झाल के पुल को देखने के लिए पहुंचे। ब्रिटिशकालीन यह पुल अपने अपने आप में अद्भुत है। ऊपर नहर और नीचे काली नदी और बीच में कोठरियां बनी हुई है। इन कोठरियों को चोर कोठरी कहा जाता है।

# खतौनी में अंश निर्धारण में गड़बड़ियों की भरमार

**बाह** एनएनआई। 7 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को बाह के वकीलों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। खतौनी में अंश निर्धारण में गलतियों के लिए किसानों



के शोषण और उत्पीड़न किए जाने, खतौनी संसोधन न किए जाने, बिना किसी कारण के वारिसी निरस्त किए जाने, दाखिल खारिज की पत्रावलियां गायब होने, कोर्ट में बहस के बाद भी समय पर आदेश पारित न होने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी न होने आदि मामले वकीलों से एसडीएम सृष्टि के समक्ष कई बार उठाए, ज्ञापन दिए। वकीलों एल्डर कमेटी के सदस्य अवधनरायन शर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश पचौरी, गिरजेश भदौरिया, वीरेश तिवारी, सुनील शर्मा, रवीकांत उपाध्याय, चंद्रेश यादव, अमित शर्मा, अंतरिक्ष मिश्रा आदि ने बताया कि कामकाज का ढर्रा नहीं बदला है। वकील और वादकारी दोनों ही परेशान हैं। धरना प्रदर्शन स्थल पर तहसीलदार विजयश्याम दुबे वार्ता के लिए पहुंचे। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका है।

# नियमों को ताक पर रख डग्गेमार उड़ा रहे धज्जियां

**कागारौल** एनएनआई। कस्बे में डग्गामार वाहन लोगों की जान के



साथ खिलवाड़ करते हुए रोड पर खूब दौड़ रहे हैं। सूत्रों की माने तो इनके पीछे कुछ सफेदपोश नेता हैं जिनके इशारों पर डग्गामार वाहनों का संचालन करवाया जा रहा है। राहगीरों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार चालक ठूस ठूस कर सवारिया बैठाते हैं अगर इनका विरोध करें तो सवारियों से ही झगड़ा करना शुरू कर देते हैं। इस मार्ग पर चलने वाले अधिकतर वाहनों की न तो फिटनेस सर्टिफिकेट है और न ही बीमा। हैरत की बात यह है कि प्रशासन की आंखों के सामने वाहन गुजर रहे हैं और प्रशासन अपनी आंखें मूंद कर बैठा है। तेज रफ्तार डग्गामार वाहनों से पहले भी कई दुर्घटना हो चुकी हैं। जिसमें कई लोगों ने उसका खामियाजा अपनी जान देकर चुकाया है। इतने तमाम बड़ी घटनाओं के बाद भी अधिकरियों व पुलिस ने सबक नहीं लिया है।

# नदी के घाट किए साफ



**बाह** एनएनआई। बटेश्वर के घाट पर यमुना की सफाई में पसीना बहाने वाले वन विभाग ने शाम को यमुना की महाआरती में श्रद्धालुओं को स्वच्छता की सीख दी।

आस्था और भक्ति के माध्यम से नदी के पौराणिक स्वरूप को बहाल किए जाने के लिए भोले के भक्तों को जागरुक किया गया। नमामि गंगे अभियान के तहत मंगलवार को वन विभाग ने बटेश्वर के घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया। दर्शन पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को यमुना नदी का आंचल मैला न करने की शपथ दिलाई। जिससे पौराणिक एवं पवित्र नदी के प्रदूषण को कम किया जा सके। सांझ ढले बटेश्वर के घाट पर यमुना की महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें पुजारी राकेश वाजपेयी, अशोक गोस्वामी, संतोष गोस्वामी ने यमुना नदी का यशोगान किया। बाह के रेंजर अमित कुमार ने गंगा की तरह ही यमुना नदी की स्वच्छता को लेकर भोले के भक्तों को जागरुक एवं प्रेरित किया। इस दौरान अनिल चौधरी, शिवम यादव, योगेश कुमार, धर्मेन्द्र सिंह आदि रहे।

# भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत होगा नवसंवत्सर मेला

एनएनआई

> 29 मार्च को सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज में लगेगा मेला
>
> मुख्य आकर्षण होंगे, घोडा व ऊंट की सवारी, कवि सम्मेलन, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अपनी भारतीय गौरवशाली परम्परा, इतिहास एवं स्वाभिमान का प्रतीक भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला समिति, मथुरा गत 23 वर्षों से परम्परागत रूप से विशाल नववर्ष मेला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी यह एक दिवसीय विशाल मेला चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 तदनुसार 30 मार्च की पूर्व संध्या पर चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2081 तदनुसार 29 मार्च दिन शनिवार को नववर्ष मेला समिति, मथुरा द्वारा नव आकर्षण, नवसज्जा तथा नवउत्साह के साथ सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज, मथुरा के मैदान में परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है। नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधाबल्लभ सम्प्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ठ अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास, उ०प्र० सरकार होंगी। यह जानकारी प्रदीप श्रीवास्तव महामंत्री नववर्ष मेला समिति मथुरा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर मथुरा में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी गई। मेला महामंत्री ने बताया कि भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए नवसम्वत्सर पर नववर्ष मेला वर्ष 2002 से शुरू हुआ है। तभी से यह मेला प्रतिवर्ष लगता है। इस वर्ष एक दिवसीय नववर्ष मेला का शुभारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2081 तदनुसार 29 मार्च को भूमि पूजन एवं हवन के साथ सेठ बी०एन० पौद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। रंगोली प्रतियोगिता और विभिन्न मंचीय प्रतियोगिताएं होंगी। नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि राधाबल्लभ सम्प्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज और विशिष्ठ अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विकास, उ०प्र० सरकार होंगी। विशेष आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें हास्य कवि महेन्द्र अजनबी, पार्थ नवीन, वीर रस कवि मनवीर मधुर, डा० कुमार मनोज, अजय अंजाम, राधाकान्त पाण्डेय, ज्योति त्रिपाठी एवं गीतकार मोनिका दहलवी कविता पाठ करेंगे। नववर्ष मेला समिति अध्यक्ष कमलेश अरोरा ने बताया कि इस नवसम्वत्सर मेला में भारतीय संस्कृति और परम्परा के अनुसार मेला में आने वाले सभी आगुन्तकों को स्वागत किया जाता है। मेला से वापस जाते समय नीम की कॉपल, मिश्री का प्रसाद, नवसंवत्सर शुभकामनाएं कार्ड और गंगा जल भेंट स्वरूप दिया जायेगा। मीडिया प्रमुख मुकेश शर्मा ने बताया मेला का बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण घोडा, ऊँट की सवारी, झूले. खेल-तमाशा, खान-पान की स्टॉल, स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री, राष्ट्रीय साहित्य बिक्री केन्द्र, कुटीर उद्योग से बने वस्त्र, विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी, नृत्य संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम पर आधारित विविध मंनोरंजक पूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे। पत्रकार वार्ता में मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, अजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष, गंगाधर अरोड़ा सह कोषाध्यक्ष, हर स्वरूप यादव एवं केशव गौड़ उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# चुनावी एजेंडे की तलाश में पार्टियां

साल के अंत में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है और अगले साल मई में पांच राज्यों, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में चुनाव होगा।इन छह राज्यों के चुनावों की तैयारियां अभी से हो रही हैं। सभी पार्टियों ने कमर कस ली है और अभी से एजेंडा तय हो रहा है।इन छह राज्यों के चुनाव से पहले एक बड़ा सवाल यह है कि क्या कहीं भी राज्य सरकारों के कामकाज के आधार पर चुनाव होगा या विपक्षी पार्टियां विकास का मुद्दा उठा कर, राज्य सरकार की विफलता गिना कर, उसे कठघ? में खड़ा करके चुनाव लड़ेंगी ?सवाल इसलिए है क्योंकि सभी छह राज्यों में चुनाव की जो तैयारी चल रही है या जो एजेंडे तय किए जा रहे हैं वे सामान्य राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं। उसमें विकास का मुद्दा नदारद है, सरकारों के कामकाज या उसकी सफलता-विफलता का मुद्दा गायब है और भावनात्मक मुद्दे हावी हैं।बिहार की बात करें तो वहां पिछले 20 साल से जनता दल यू के नेतृत्व वाली सरकार है। नीतीश कुमार ने खुद करीब 19 साल तक सरकार का नेतृत्व किया है और नौ महीने के लिए उनके प्रॉक्सी के तौर पर उनकी पार्टी के जीतन राम मांझी मुख्यमंत्री रहे थे। इन 20 वर्षों में करीब साढ़े तीन साल राष्ट्रीय जनता दल के साथ उन्होंने सरकार चलाई और करीब दो साल अकेले चलाई। बाकी साढ़े 14 साल भाजपा के साथ उनकी सरकार चली है। लेकिन चुनाव में उनकी 20 साल की उपलब्धियों का कहीं जिक्र नहीं है।एनडीए में शामिल सभी घटक दल चाहे वह जनता दल यू हो या भाजपा या बाकी छोटी पार्टियां हों सब इस आधार पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं कि बिहार के लोगों को लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के कथित जंगल राज की याद दिलानी है।लोगों को भय दिखाना है, उनको डराना है और लालू प्रसाद के परिवार को सत्ता में आने से रोकने के नाम पर वोट का ध्रुवीकरण कराना है। भाजपा के एक विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इस बार होली के दिन मुसलमानों को घर में ही बंद रहने की सलाह देकर संकेत दे दिया है कि आगे किस तरह की राजनीति होने वाली है।दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का मुख्य चुनावी एजेंडा नीतीश कुमार की मानसिक सेहत और आरक्षण की सीमा बढ़ाने पर लगाई गई अदालती रोक है। वे एनडीए को आरक्षण चोर बता कर चुनावी लड़ाई की तैयारी में हैं।तमिलनाडु ने चुनाव तैयारियों और एजेंडा तय करने की सबसे पहले शुरूआत की है। एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके लग नहीं रहा है कि सरकार के पांच साल के कामकाज पर चुनाव लड़ेगी। स्टालिन ने परिसीमन का हौव्वा खड़ा किया है, जबकि अभी यह तय नहीं है कि कब परिसीमन होगा क्योंकि उससे पहले जनगणना होनी है और हो सकता है कि परिसीमन से पहले ही राज्य में विधानसभा चुनाव हो जाए।इस पर वे खूब राजनीति कर रहे हैं। इसी तरह नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉमूर्ले के आधार पर हिंदी थोपने का भी मुद्दा उन्होंने चर्चा में ला दिया है। ये सभी भावनात्मक मुद्दे हैं।मजबूरी में मुख्य विपक्षी अन्ना डीएमके भी इन मुद्दों पर सरकार का साथ दे रही है। दूसरी ओर भाजपा सनातन धर्म पर दिए उदयनिधि स्टालिन के बयान को चुनावी मुद्दा बना रही है।पश्चिम बंगाल में पिछले 14 साल से सरकार चला रही ममता बनर्जी मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग पर आरोप लगा कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उनके पास एक बना बनाया स्थायी मुद्दा बांग्ला अस्मिता का है।संयोग भी ऐसा है कि भाजपा तमाम कोशिशों के बावजूद राज्य में अपना कोई नेता नहीं खड़ा कर पाई है।उसके पास ले देकर ममता की पार्टी से आए सुवेंदु अधिकारी हैं, जिनके लिए इस बार के चुनाव का मुख्य मुद्दा यह है कि अगर भाजपा चुनाव जीती तो सभी मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से निकाल कर बाहर फेंक देंगे।हालांकि ऐसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का मुद्दा कितना काम आएगा यह नहीं कहा जा सकता है। आखिर पिछले तीन चुनावों से भाजपा ऐसे ही मुद्दों पर लड़ रही है। लेकिन कामयाबी नहीं मिली है।असम में नौ साल से भाजपा का राज है और अगले साल चुनाव में उसे अपने दो कार्यकाल के कामकाज का हिसाब देना है।राज्य में पिछले 10 साल से डबल इंजन की सरकार चल रही है लेकिन मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मियां मौलवी का मुद्दा उठा कर चुनाव लड़ेंगे। वे मदरसे बंद कराने या मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह रोकने, समान नागरिक कानून बनाने, नागरिक रजिस्टर जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे।अपनी सरकार के कामकाज का हिसाब देने की बजाय उनके लिए बड़ा मुद्दा गौरव गोगोई की पत्नी को पाकिस्तान का एजेंट बताना है। कांग्रेस के पास डबल इंजन सरकार के कामकाज का बड़ा मुद्दा है लेकिन वह भी हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों के बरक्स ऐसे ही मुद्दों की तलाश कर रही है।

# सनातनी व्यवस्था समृद्धि सुशासन के 8 साल



जब राजा के रूप में एक योगी ,एक संत एवं एक निस्वार्थ रूप से कार्य करने वाला शासक मिलता है तब राज्य या राष्ट्र चाहूंमुखी विकास रथ पर अग्रसित हो, उच्च कोटि के न्यायसंगत शासन एवं समृद्धशाली व्यवस्था को जन्म देता है ।ऐसा ही जीवंत एवं सौभाग्यशाली उदाहरण उत्तर प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिछले 8 वर्ष के शासनकाल में देखने को मिला है। सूर्य सा मस्तक पर तेज लिए , निर्भीक हो सभी परेशानियों, झंझटों एवं मुसीबतों को माकूल जवाब देते हुए राष्ट्रीय उन्नति में सर्वाधिक योगदान करने वाले राज्यों में शामिल कर उत्तर प्रदेश को एक बीमारू राज्य की परिभाषा से निकाल ग्रोथ इंजन के स्वर्णिम आयाम तक योगी आदित्यनाथ ने अपनी कुशलतापूर्वक राज्य संचालन में दूर दृष्टि ,कड़ी मेहनत एवं पक्के इरादे के साथ कर दिखाया। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं, इसमें कोई भी अचंभे वाला कार्य नहीं क्योंकि यह योगी आदित्यनाथ की रग रग में बहने वाली ईमानदारी ,कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र सर्वोच्च रखने की असीम प्रतिबद्धता का ही नतीजा है कि यह असंभव सा कार्य ,संभव हो रहा है।

लोगों को खूब अच्छी तरह से याद होगा कि कैसे 8 वर्ष पूर्व गुंडागर्दी, अपहरण ,बलात्कार लूट हत्या जैसे जघन्य अपराध हर जिले में तांडव करते दिखाई देते थे। यह सभी अपराध संगठित अपराध का रूप लेते हुए, कहीं ना कहीं परोक्ष या अपरोक्ष रूप मै राज्य द्वारा पोषित हुआ करते थे ।लेकिन जब से योगी आदित्यनाथ ने सरकार की कुंजी अपने हाथों में ली ये अपराध खत्म होते से प्रतीत होने लगे ।सुशासन का ,एक निर्भीक सरकार का जो चेहरा मोहरा इस वक्त राज्य में है वह प्रशंसनीय होने के साथ-साथ वंदनीय भी है। पहले अपराध व्यवसायों के रूप में पनपता था और अब वह व्यवसाय पनप रहे हैं जो विकास, स्किल, रोजगार,उन्नति, शिक्षा को हस्ताक्षरित करते हैं।

पहले देर शाम सड़कों पर बहू बेटियों का निकलना ,रात्रि में किसानों का खेतों पर काम करना ,सूर्य ढलते ही ईमानदार सरकारी अफसर का गलियों पर निकलना दूभर हो गया था लेकिन आज चाहे दिन हो या शाम हो या रात हो राज्य की गली मोहल्ले से लेकर सड़कों नगर चौराहों पर बिना किसी भय के राज्य का कोई भी नागरिक चाहे बूढ़ा हो या बच्चा, सरकारी हो या किसान स्वतंत्र होकर निर्भीकता से घूमता भी है और सरकार को धन्यवाद देते हुए योगी जी की तारीफ भी करता है।

जिस प्रदेश में 56 लाख से ज्यादा परिवारों को पक्के आवास मुहैया कराए गए हो ,लगभग 1. 8 करोड लोगों को उज्जवला गैस का वितरण हुआ हो, 2.75 करोड़ शौचायलयों का निर्माण हुआ हो, 15 करोड़ नागरिकों को निशुल्क राशन का वितरण होता हो ,60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता के साथ डेढ़ करोड़ से ज्यादा घरों को निशुल्क बिजली कनेक्शन मिलता हो और जहां 9 करोड लोगों को ?500000 तक का निशुल्क उपचार मिलता हो वह वाकई राम राज्य की स्थापना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए उन्नति के शिखर पर स्वतः अग्रसित होगा ही।

सशक्त नारी,खुशहाल किसान ,युवाओं को रोजगार , अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस , सबको उत्तम शिक्षा देना , अंत्योदय के सिद्धांत एवं स्वास्थ्य का उपहार दिया जाना जहां नीति हो वहां खुशहाली तो लहलहाएगी ही एवं गरीबी , भुखमरी, बीमारी, बेरोजगारी निःसंदेह विलुप्त होती जाएगी।

यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता_ को अपना एक प्रकार से ध्येय वाक्य बनाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं के लिए पुलिस में 20% पद, 10 लाख से ज्यादा स्वयं सहायता समूह से एक करोड़ महिलाओं को रोजगार, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 22 लाख बालिकाएं जहां लाभान्वित हुई हो, निराश्रित महिला पेंशन योजना से जहां 33 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हो ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से चार लाख से ज्यादा जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ हो ऐसी जहां पर प्रतिबद्धता हो, मां शांभवी का आशीर्वाद उस प्रदेश पर अवश्य बरसेगा ही।

टिमटिमाते जुगनू सूर्य के सामने चमकने का जैसे प्रयास करते हैं ,ऐसे ही विपक्षी दलों ने योगी जी के सामने झूठ का साथ देते हुए प्रयास जरूर किया लेकिन उनकी छवि को लेश मात्र भी धूमिल नहीं कर सके ।जहां 2016 में 18% युवा बेरोजगार रहे, 2024 में या बेरोजगारी दर घटकर 3% रह गई। 2017 में प्रति व्यक्ति आय 46000 से बढ़कर 2024 में 124000 हो गई ।एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र के 2 करोड़ से ज्यादा रोजगार ,ओडीओपी योजना के तहत ढाई लाख से ज्यादा रोजगार, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत २.२७ लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार जहां दिया गया हो वहां खुशहाली के फूलों की बगिया हर घर को सुहासित करेगी ही।

सबका साथ, सबका विकास ,सबका विश्वास के मूल मंत्र को लेकर जब सरकारें चलती हैं तो अभूतपूर्व रिजल्ट देखने को मिलते हैं ।जैसे 3213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा होना, अनुसूचित जाति के 32 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं को रुपए 708 करोड़ की छात्रवृत्ति देना ,अनुसूचित जाति (दशमोत्तर )के लगभग 90 लाख छात्र-छात्राओं को लगभग ९६६२ करोड़ रु की छात्रवृत्ति देना ,पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के लगभग 62 लाख छात्र-छात्राओं को लगभग सवा लाख करोड़ रु की छात्रवृत्ति देना ,पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के लगभग एक करोड़ छात्र-छात्राओं को लगभग साढ़े साथ करोड़ रु की छात्रवृत्ति देना जहां इतने विराट मनोभाव के साथ कार्य हो तो वह कार्य निश्चित ही स्वर्णिम अंकों में अंकित हो जाता है।

एक चिकित्सक होने के नाते मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ इस बात को लिख सकता हूं की स्वतंत्र भारत में, आयुष्मान भारत योजना सबसे बड़ा गेम चेंजर साबित हुई है। उत्तर प्रदेश में 9 करोड लोगों को 500000 तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा, 49 लाख परिवार मुख्यमंत्री जनारोग्य योजना से आच्छादित,आयुष्मान भारत योजना के 5834 हॉस्पिटल,एडवांस लाइफ सपोर्ट सेवा की 250, नेशनल एंबुलेंस सेवा की 2270,108 सेवा के तहत 2200 एंबुलेंस का संचालित होना, 75 जनपदों में डायलिसिस की मुफ्त सेवा उपलब्ध होना,टेलीमेडिसिन द्वारा दूरदराज के मरीजों को 3.64 करोड़ लोगों को परामर्श की सुविधा, 80 मेडिकल कॉलेज का संचालित होना, गोरखपुर रायबरेली में एम्स ,लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय का आना, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर में बनना, 22681 आरोग्य मंदिरों का संचालन, लगभग 11300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि उत्तर प्रदेश के मुखिया कि अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी को परिभाषित करता है।

जहां देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो ,जहां हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित हो ,जिस प्रदेश में 6 एक्सप्रेस वे संचालित हो और 11 पर काम जारी हो और जो गंगा एक्सप्रेस बनने के बाद देश के 55% एक्सप्रेसवे की हिस्सेदारी अपनी झोली में ले रहा हो और जहां 32000 किलोमीटर से ज्यादा लंबाई के मार्गों का नवनिर्माण हो रहा हो ऐसे प्रदेश का विकास पथ सब तरफ से चमकीली आभा लिए प्रदेश को राष्ट्र का ग्रोथ इंजन बनाता है!

मुख्यमंत्री बनने से पहले से ही किसी भी अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस योगी आदित्यनाथ की खूबी रही है। 2017 के पहले जहां माफिया अपराधी बेलगाम होते थे 2017 के बाद कानून का राज्य स्थापित हुआ। सात महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट बनना , 222 दुर्दांत अपराधी का एनकाउंटर, ७ महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट होना, 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, सभी जनपदों में साइबर थाने ,11 लाख से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा से प्रदेश की सुरक्षा, एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में लगभग 84%, लूट में 77% ,हत्या में 41%, अपहरण में 54%, बलात्कार के मामले में 26% की रिकॉर्ड एवं ऐतिहासिक कमी योगी जी के सुशासन व्यवस्था पर स्वयं ग्रन्थ लिख रही है। सनातनी परंपरा के प्रबलता एवं प्रतिबद्धता के विराट व्यक्तिव के रूप में जो छवि योगीजी ने प्रदेश की विश्वपटल पर रेखांकित की है उसने मोदी जी के भारत को विश्व गुरु बनाने के स्वप्न को यथार्त ,चरितार्थ कर दिया है।

महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का पुण्यस्नान ,और ऐसे पवन दिव्य भव्य कुंभ से साढ़े तीन लाख करोड़ रु से अर्थव्यवस्था में वृद्धि, 6 आध्यात्मिक कोरिडोरों के विकास,अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि का निर्माण, श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विकास कर योगी ने उत्तर प्रदेश को विश्व प्रदेश की परिभाषा से नवाज दिया है। बहुत कुछ हुआ है और अभी भी बहुत करना बाकी है ।जैसे कि कहा जाता है कि विकास कभी नहीं रुक सकता और ऐसे ही विकास गाथा भी।योगी जी ने एक हरफनमौला खिलाड़ी की तरह विभिन्न क्षेत्रों में सकुशल खेला है और प्रभु से प्रार्थना की उनको और ऊर्जा , शक्ति और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें जिससे कि वो नित नवीन विकास के नवीन आयाम स्थापित करें।




**डा. पंकज नगायच**
**अध्यक्ष निर्वाचित, इंडियन मेडिकल एसोशिएशन, आगरा।**
**सह संयोजक, ब्रज क्षेत्र चिकित्सा प्रकोष्ठ, बीजेपी।**

# संसद में आज फिल्म 'छावा' की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगे। इस दौरान उनके कैबिनेट सहयोगी और संसद सदस्य भी मौजूद रहेंगे। मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बनी फिल्म में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। संसद पुस्तकालय भवन में 'छावा' की स्क्रीनिंग में फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू शामिल होगी। इसमें अभिनेता विक्की कौशल भी शामिल हैं, जिन्होंने संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी फिल्म की पहले ही प्रशंसा कर चुके हैं। पिछले महीने नई दिल्ली में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने फिल्म के महत्व पर प्रकाश डाला था, जिसमें मुगल सम्राट औरंगजेब के खिलाफ लड़ाई में संभाजी महाराज के साहस को दिखाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास से प्रेरित फिल्म की कहानी ने पूरे देश में दर्शकों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, यह महाराष्ट्र और मुंबई ही है, जिसने मराठी और हिंदी सिनेमा को ऊंचा उठाया है। इन दिनों, छावा पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। संभाजी महाराज के साहस का चित्रण शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास से प्रेरित है। पीएम मोदी ने 21 फरवरी को टिप्पणी की थी। छावा ने अपनी दमदार कहानी और ऐतिहासिक घटना के लिए अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। यह मराठा इतिहास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालती है। फिल्म को न केवल इसके ऐतिहासिक संदर्भ के लिए बल्कि इसके आकर्षक कथानक और अभिनय, विशेष रूप से विक्की कौशल के मराठा योद्धा के चित्रण के लिए भी सराहा गया है। पिछले पहले 14 फरवरी को रिलीज छावा को इसकी ऐतिहासिकता और भावनात्मक कहानी कहने के लिए प्रशंसा मिली है। फिल्म अपने छठे सप्ताह में भी बॉक्स ऑफिस पर

## सलमान खान और आमिर खान ने साथ मिलकर किया सिकंदर का प्रमोशन





सलमान खान अगली बार सिकंदर में नजर आएंगे जो 30 मार्च, 2025 को बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। रविवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया और अब आमिर खान सलमान के साथ फिल्म के प्रमोशन में शामिल हो गए हैं। अंदाज अपना अपना के कलाकार एआर मुरुगादॉस के साथ एक प्रमोशनल वीडियो में साथ नजर आएंगे और सलमान ने सोशल मीडिया पर इसका प्रोमो शेयर किया है। सिकंदर स्टार ने पोस्ट किया, एआर मुरुगादॉस के साथ अमर प्रेम का अंदाज! सलमान द्वारा शेयर किए गए प्रोमो में हम देख सकते हैं कि सुपरस्टार आमिर और मुरुगादॉस के साथ हैं और वे एक गहन बातचीत के लिए तैयार हैं। फिर आमिर फिल्म निमार्ता से पूछते हैं, सलमान और मेरे बीच, असली सिकंदर कौन है? खैर, मुरुगादॉस काफी परेशान हो जाते हैं और अब, हमें उनका जवाब जानने के लिए कल तक का इंतजार करना होगा क्योंकि पूरा वीडियो आज रिलीज होगा। प्रोमो में जहां एक ओर दोनों स्टार्स के बीच गहन बातचीत का संकेत मिलता है, वहीं यह निश्चित रूप से दोनों स्टार्स और निर्देशक के साथ एक मजेदार वीडियो होगा।

## सोनू सूद की पत्नी कार हादसे का शिकार



बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद की पत्नी सोनाली सूद की कार मुंबई-पुणे हाईवे पर एक दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में सोनाली सूद, उनकी बहन और भांजा भी मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से सोनाली बाल-बाल बच गईं। यह घटना उस समय हुई जब वे अपनी बहन और भांजे के साथ यात्रा कर रही थीं। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचित किया गया और घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती किया गया। हालांकि, घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है। सोनाली सूद ने इस घटना के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर धन्यवाद कहा और बताया कि वे सभी सुरक्षित हैं। यह दुर्घटना सभी के लिए एक चेतावनी बन गई है कि सड़क सुरक्षा के उपायों का पालन करना कितना जरूरी है। सोनाली और उनके परिवार की सलामती पर सभी फैंस और उनके करीबी लोग राहत की सांस ले रहे हैं।



**कुणाल कामरा विवाद पर बोलीं कंगना रनौत–**

## 'दो मिनट की फेम के लिए कुछ भी कर रहे लोग'

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम लिए बगैर उन पर विवादित टिप्पणी करने वाले स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर फिल्म जगत के कुछ सितारे समर्थन में तो कुछ विरोध में नजर आए। अभिनेत्री और मंडी लोकसभा सीट से सांसद कंगना रनौत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कॉमेडी के नाम पर किसी की इज्जत उछालना गलत है। ये वही लोग हैं, जो जिंदगी में कुछ नहीं कर पाए। कंगना ने कामरा के 'गद्दार' या 'दलबदलू' वाले मजाक को गलत बताते हुए कहा, आप कोई भी हो और किसी के काम से यदि असहमत हैं तो इस तरह से नहीं बोल सकते। जब बीएमसी ने मेरे ऑफिस को तोड़ा था तब भी कामरा ने मजाक उड़ाया था। मेरे साथ जो हुआ वह गैरकानूनी था और इनके साथ जो हुआ वह लीगल है। कंगना ने आगे कहा, 'आप कॉमेडी के नाम पर उनकी इज्जत उछाल रहे हैं। उनकी बुराई कर रहे हैं और उनके काम को नजरअंदाज कर रहे हैं। एकनाथ शिंदे जी किसी जमाने में रिक्शा चलाते थे। आज वो अपने दम पर हैं? और कॉमेडी के नाम पर ऐसा करने वालों के पास क्या है? उन्होंने खुद की जिंदगी में क्या किया है, ये लोग जो जिंदगी में कुछ कर नहीं पाए। मैं कहती हूं कि अगर वो कुछ लिख सकें तो साहित्य में क्यों नहीं लिखते? कॉमेडी के नाम पर गाली या अभद्रता करते हैं। कंगना ने कहा, कॉमेडी के नाम पर हमारे ग्रंथों का मजाक उड़ाना, लोगों का मजाक उड़ाना, माताओं-बहनों का मजाक उड़ाना गलत है। आजकल सोशल मीडिया पर किस तरह के लोग आ गए हैं, जो खुद को इनफ्लूएंसर्स कह रहे हैं। हमारा समाज कहां जा रहा है। दो मिनट की फेम के लिए ये क्या कर रहे हैं हमें इस बारे में सोचना चाहिए। बता दें, विवाद के बीच कॉमेडियन का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह शिवसेना नेता संजय राउत के साथ दिखाई दिए थे। यह वीडियो साल 2020 का है,जब बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने कंगना रनौत के बांद्रा स्थित बंगले को ध्वस्त कर दिया था। कामरा, कंगना का मजाक उड़ाते और राउत के साथ पोज देते नजर आए थे।

# पंजाब किंग्स ने रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराया

## आईपीएल 2025 में दर्ज की पहली जीत

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स ने धमाकेदार शुरूआत करते हुए गुजरात टाइटंस को रोमांचक मुकाबले में शिकस्त दी। यह हाई-स्कोरिंग मैच आखिरी ओवर तक बेहद संघर्षपूर्ण रहा, जहां हर गेंद पर खेल का रुख बदलता नजर आया,



लेकिन पंजाब के गेंदबाजों ने अंतिम क्षणों में शानदार प्रदर्शन कर गुजरात टाइटंस के जबड़े से जीत छीन ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी पारी (97 रन) की बदौलत 243 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उनकी इस धमाकेदार पारी में शानदार स्ट्रोकप्ले देखने को मिला, जिससे टीम को मजबूत आधार मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम ने शानदार शुरूआत की और ऐसा लग रहा था कि वे आसानी से लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे, लेकिन मैच के अंतिम ओवरों में विजय कुमार वय्शक ने कसी हुई गेंदबाजी कर खेल का पूरा समीकरण



बदल दिया। उनके सटीक यॉर्कर और बेहतरीन लाइन-लेंथ के आगे गुजरात के बल्लेबाज दबाव में आ गए और अंततः पूरी टीम 232 रन ही बना सकी, जिससे पंजाब ने 11 रन से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 243 रन बनाए और गुजरात को 244 रन का विशाल लक्ष्य दिया। श्रेयस अय्यर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन बनाए, लेकिन वह अपने पहले आईपीएल शतक से चूक गए। श्रेयस अय्यर ने 42 गेंदों पर 97 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी इस शानदार पारी में पांच चौके और नौ छक्के जड़े।

वहीं, शशांक सिंह ने नाबाद 44 रन की तेजतर्रार पारी खेली। शशांक सिंह ने मात्र 16 गेंदों में 44 रन ठोकते हुए छह चौके और दो छक्के लगाए।



आईपीएल 2025

## गुवाहाटी में आज 6वें मैच में राजस्थान से भिड़ेगा कोलकाता




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का छठा मैच आज (26 मार्च) को गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से होगा। दोनों ही टीमें इस सीजन में अब तक संघर्ष करती दिखी हैं, और इस मुकाबले में किसी एक टीम का जीत का खाता खुलना तय है। केकेआर और राजस्थान दोनों ने अपने पहले मैचों में हार का सामना किया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 7 विकेट से हार मिली थी। वहीं, राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 44 रनों से मात दी थी। इन दोनों टीमों के लिए यह मैच अपनी गलतियों से सीखने और अपनी खोई हुई लय को वापस पाने का एक सुनहरा मौका होगा। गुवाहाटी की पिच पर बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं, लेकिन गेंदबाजों को काफी संघर्ष करना पड़ता है, खासकर ओस के प्रभाव के चलते।

केकेआर की टीम ने अपने पहले मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभागों में निराशाजनक प्रदर्शन किया। सुनील नरेन को छोड़कर, केकेआर का कोई गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सका। वरुण चक्रवर्ती, जो एक अच्छे स्पिनर माने जाते हैं, उन्हें भी ईडन गार्डन्स की पिच पर संघर्ष करते देखा गया, जहां फिल साल्ट और विराट कोहली ने उनके खिलाफ आसानी से रन बनाए। ऐसे में केकेआर को उम्मीद है कि चक्रवर्ती गुवाहाटी की पिच पर अपनी लय पकड़ने में सफल होंगे। साथ ही, तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी निगाहें रहेंगी, जो पीठ की चोट से उबर रहे हैं। अगर वह फिट होते हैं, तो स्पेंसर जॉनसन की जगह उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

केकेआर के मध्यक्रम की स्थिति भी पिछले मैच में चिंताजनक रही। कप्तान अजिंक्य रहाणे और नरेन के आउट होने के बाद टीम का मध्यक्रम बिखर गया था। वेंकटेश अय्यर और आंद्रे रसेल जैसे अनुभवी बल्लेबाज भी गलत शॉट खेलकर आउट हो गए थे। टीम को इस मैच में उम्मीद रहेगी कि ये बल्लेबाज शॉट चयन में सतर्कता बरतें और अपनी टीम को मजबूत स्थिति में लेकर आएं। साथ ही, रिंकू सिंह से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी, क्योंकि उन्होंने हालिया मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है।

## बुधवार, 26 मार्च राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज शाम के समय आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक समारोह में शामिल हो सकते हैं अथवा मनोरंजक पल बिता सकते हैं। लव लाइफ में आप प्रेमी के साथ वक्त बिताने का अवसर निकालेंगे।

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन आनंद में वृद्धि करने वाला है। सितारों की अनुकूल स्थिति से आपकी कमाई में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा लोगों को भी लाभ मिलेगा। आप नया वाहन खरीदना चाह रहे हैं तो इसमें परिवार से आपको सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आप आज साहसिक फैसले लेकर लाभ पा सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को आज सहकर्मियों के साथ मनोरंजन का अवसर मिलेगा, आपके बीच तालमेल भी अच्छा रहेगा। आज अगर आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ है तो आज आप उसे पूरा करने की पूरी कोशिश कर सकते हैं।

कर्क राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको आज वाणी और व्यवहार कुशलता का लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन में तालमेल और सहयोग बढेगा। सरकारी क्षेत्र से भी आपको लाभ और खुशी मिलेगी। आप आज अपने किसी रिश्तेदार से मदद मांगेंगे तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी।

सिंह राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज सकारात्मक रहना चाहिए अन्यथा आपके बनते काम भी बिगड़ सकते हैं। आपके लिए बेहतर होगा कि आप आज कोई भी निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचें। आपको आर्थिक मामलों में आज जोखिम लेने से बचना चाहिए और गैर जरूरी खर्च पर कंट्रोल करना चाहिए।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा है। लेकिन लाभ के साथ आपका खर्च भी बना रहेगा। बीमार चल रहे जातकों की सेहत में आज सुधार होगा। सितारे कहते हैं कि आज आपको किसी पर भी बहुत भरोसा करने से बचना होगा नहीं तो धोखा मिल सकता है।

तुला राशि के लिए आज का दिन लाभदायक ओर अनुकूल रहेगा। कारोबार में आपको आज लाभ का मौका मिलेगा। आज आपको परिवार में संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। परिवार के सभी सदस्य व्यस्त नजर आएंगे। माता की सेहत नरम रह सकती है, इसलिए इनकी सेहत का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन अनुकूल रहेगा। आपको आज व्यवहार कुशलता का लाभ परिवार के साथ ही साथ कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा। अगर आज आप कोई संपत्ति खरीदने या बेचने की सोच रहे हैं तो आपको कानूनी पहलुओं पर अच्छे से विचार कर लेना चाहिए।

धनु राशि के लिए आज बुधवार का दिन लाभदायक रहेगा। आपको आज अपनी आर्थिक योजनाओं का लाभ मिलेगा। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। आज आपको अपने किसी मित्र से कोई उपहार मिल सकता है। आज शाम के समय आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक अथवा सामाजिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

मकर राशि वालों को आज भावुकता पर कंट्रोल करना चाहिए। वैसे आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपका काम भी आज सुचारू रूप से चलेगा। साथ ही आज लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी होगी। दोस्तों से आपको सहयोग मिलेगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज जीवनसाथी के साथ मनोरंजक पल बिताने का मौका मिलेगा। आपकी किसी समस्या का भी आज समाधान हो जाएगा।

मीन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको अपनी सेहत के प्रति सजग और सतर्क रहना होगा। आपकी कोई दबी हुई समस्या फिर से उभर सकती है जिससे आपको परेशानी होगी। आज आपके विरोधी भी सक्रिय रहेंगे, इसलिए आज आपको अपने काम से काम रखना होगा और काम के प्रति सजग भी रहना चाहिए नहीं तो विरोधी आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# संकीर्तन यात्रा में गूंजा श्याम नाम, झूमा हर इंसान

- तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव कि निशान यात्रा से हुई शुरूआत

एनएनआई

**आगरा।** हाथों में निशान-जुबां पर जय श्री श्याम के साथ हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के गूंजते जयघोष के बीच ताजनगरी खाटू श्याम के रंग में रंग गई। कोलकाता के श्रृंगार सजी श्याम बाबा की सवारी चली तो शंखनाद पर अलौकिक रूप में सजे खाटू श्याम की आरती की गई। एक रथ पर नेपाल से आए महामंडलेश्वर 1008 ईश्वर चैतन्य दास महाराज आशीर्वाद देते चल रहे थे। हाथों में बड़े-बड़े निशान लेकर श्याम भक्त निकले तो सभी श्याम का नाम गाते नजर आए। कुछ ऐसा ही अलौकिक दृश्य रहा। श्री श्याम धणी सेवक मंडल की ओर से राजा मंडी से निकाली गई निशान यात्रा का।

अध्यक्ष चंद्र मोहन गोयल ने बताया कि 28 मार्च को जीवनी मंडी स्थित खाटूश्याम मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन के लिए निशान यात्रा निकाल सभी श्यामप्रेमियों को निमंत्रण दिया। निशान यात्रा में सर्वप्रथम विघ्नहारता गणेशजी, भगवान जगन्नाथ, हनुमानजी, भोलेनाथ, राधाकृष्ण, कैला मैया, चामुण्डा देवी एवं बाबा श्याम खाटू जी की छवि रहेगी सहित करीब 8 झांकियां निकाली गई।





संस्था से जुड़े एडवोकेट नितिन वर्मा ने बताया कि यात्रा का गोकुलपुरा, राजा की मंडी से प्रारंभ होकर सेंट जॉन्स रघुनाथ टाकीज, घटिया, धूलियागंज, पथवारी, बेलनगंज होते हुए जीवनी मंडी स्थित खाटूश्याम मंदिर पर समापन हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, शंभू नाथ चौबे, एडवोकेट नितिन वर्मा, सुनील बाबू वर्मा, राहुल जिंदल, रोहित गोला, गौरव शर्मा, आशीष उपाध्याय, रजत चौहान, सुमन, लता, पूनम, अनीता, कविता, गीता, मीरा आदि मौजूद रहे।

### श्याम नाम की मेहंदी आज

महिलाएं बाबा श्याम के नाम की मेहंदी 26 मार्च को राजा मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगाएगी। 26 मार्च को संकीर्तन में दिल्ली से आकाश अरोरा और सोनम समता से पहले स्थानीय भजन गायक विकास वर्मा और अनूप गोयल श्याम बाबा को रिझाएंगे। आगरा के नन्हे भजन गायक कुशाग्र वर्मा भी बाबा के दरबार में अपने भजनों से हजारी लगाएंगे।

# मेरे श्याम का जादू है ... सिर चढ़ कर बोलेगा



**आगरा (एनएनआई)।** नाई सराय स्थित खाटू श्याम मंदिर में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्याम चरण सेवा समिति ने कीर्तन का आयोजन किया। कार्यक्रम आयोजक सोनेंद्र चौहान को एक माह पूर्व खाटू श्याम बाबा सपने में आए कहने लगे.. की कीर्तन कब करवाएंगे। कृष्ण एकादशी और खाटू श्याम मंदिर स्थापना दिवस पर धूमधाम से कीर्तन का दिन चुना गया। इसमें देहात व आसपास के करीब 10 हजार भक्तों ने हाज़िरी लगाई। इस दौरान अन्नू सिकरवार, दीपक कुमार, राहुल सिकरवार, खागराज सिंह, जय प्रकाश गौतम, नरेश सिकरवार, देवेंद्र सिंह, सुभाष, विष्णु व सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डॉ. जसप्रीत कौर फलक को बृज शिरोमणि सम्मान-2025

आगरा (एनएनआई)। भारत- नेपाल साहित्य सांस्कृतिक महोत्सव वृन्दावन दोनों देशों के मध्य संबंधों को सशक्त बनाने के लिए वृंदावन के गीता शोध संस्थान एवं साझा विरासत परंपराओं के लिए रासलीला अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय आयोजन में वरिष्ठ कवयित्री डॉ. जसप्रीत कौर फलक को साहित्य के क्षेत्र में बृज शिरोमणि सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने कृष्ण- राधा रस में ओतप्रोत हुई कविता प्रस्तुत की। कृष्णा तेरी नगरी में, मैं आई हूं पहली बार... उनकी भावपूर्ण कविता ने श्रोताओं का मन मोह लिया। डॉ. फलक ने बताया उनकी यह यात्रा अविस्मरणीय रही। उन्होंने संस्था के डॉ. उमेश शर्मा, डॉ. विजय पंडित, डॉ. हरेन्द्र हर्ष, डॉ. देवी पंथी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. पद्मिनी चैन्नई से शीतल दिव्यानी, इंदौर से पल्लवी रामपाल, चंडीगढ़ से डॉ. पुष्पा कलाल, आदि कवित्रियों की रचनाओं ने भी समा बांध दिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण मशहूर फि ल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी का सम्मिलित होना रहा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत और नेपाल की एक समान संस्कृति है। दोनों देशों के मध्य ऐतिहासिक निकटता रही है। यही संस्कृति सदियों से दोनों देशों को आत्मीय संबंधों में बांधती चली आ रही है। इस प्रकार के कार्यक्रम आपसी भाईचारे में मधुरता पैदा करते हैं।




# होली मिलन में बरसे फूल, राधा-कृष्ण के नृत्य ने मोहा मन

## कछवाह कुशवाह क्षत्रिय महिला मंच ने किया आयोजन

आगरा (एनएनआई)। कछवाह कुशवाह क्षत्रिय महिला मंच के तत्वाधान में आगरा महिला मंच द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन कारगिल स्थिति होटल में आयोजित किया गया। शुरूआत मुख्य अतिथि मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह, व रीना सिंह मातृ शक्ति प्रमुख क्रीड़ा भारती विशिष्ट अतिथि अनीता भगवान सिंह कुशवाह रेखा गिर्राज सिंह (पूर्व पार्षद) द्वारा भगवान लव के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम संयोजिका ने बताया कि आगरा की सभी महिला मंच की महिलाओं ने होली मिलन समारोह में एक-दूसरे को चन्दन और गुलाल लगाकर होली खेली। वहीं कार्यक्रम सह संयोजिका ने बताया कि समारोह में फूलों की होली व राधा कृष्ण नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महिलाओं ने लुत्फ उठाया। अतिथि सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच संचालन पविता कुशवाह ने किया। कार्यक्रम की संपन्न में अल्पना कुशवाह सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर शशि अजीत कुशवाह, रीनू कुशवाह, उषा, राधा, रमिता , कमलेश कुशवाह, ममता, नीलम, रानी आदि मौजूद रहे।



# प्रशिक्षण में हेपेटाइटिस के निदान की सीखी बारीकियां

## विभिन्न जिलों के मेडिकल ऑफिसर्स ने की सहभागिता



आगरा (एनएनआई)। एसएन मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग ने 24 से 26 मार्च तक नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के मेडिकल ऑफिसर प्रति भाग करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हेपेटाइटिस के निदान, उपचार और देखभाल के बारे में मेडिकल ऑफिसर को जानकारी मुहैया कराना है। हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी के रोगियों को नि:शुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 मार्च को प्रधानाचार्य एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा द्वारा डॉ. प्रोफेसर प्रशांत गुप्ता, डॉ. प्रो. टीपी सिंह हेड ऑफ डिपार्टमेंट मेडिसिन/उप प्रधानाचार्य सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज और डॉ. प्रो. बलवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर, औरैया, हाथरस, गौतम बुद्धा नगर, कासगंज के आदि जिलों के मेडिकल ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया। संचालन नोडल ऑफिसर, एमटीसी, एनवीएचसीपी डॉ. सूर्य कमल वर्मा असिस्टेंट प्रो. इंचार्ज जीआई यूनिट, डॉ. अजीत चाहर (एसोसिएट प्रोफेसर) डॉ. प्रोफेसर प्रशांत प्रकाश, डॉ. आरती अग्रवाल नोडल एसआरएल लैब ढश्लढ्ढ, डॉ. राघव सिंघल सह नोडल एनवीएचसीपी, डॉ. प्रोफेसर एके निगम, डॉ. नीतू चौहान, डॉ. प्रो एके सिंह, डॉ. नेहा आजाद एवं डॉ. अपराजिता गोयल और डॉ. सूर्यकमल वर्मा ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यकम में जूनियर रेजिडेंट डॉ. असरा, डॉ. अनुकूल, डॉ. सौरभ, त्रिपाठी, प्रोग्राम मेडिकल ओफिसर डॉ. चेतन शर्मा, प्रोग्राम डीईओ संदीप कुमार उपस्थित रहे।

